राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 19
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 19 दिसंबर 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई
पेज 4 चीनी मिल मरम्मत में करोड़ों के दुरुपयोग पर गिरी गाज
पेज 6 'सबसे खराब टेनोलॉजी' : एडिलेड टेस्ट में स्निको विवाद पर

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली ब्लास्ट केस में एनआईए ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किला ब्लास्ट केस में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को नई दिल्ली से एक और आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी यासिर अहमद डार जम्मू-कश्मीर का रहने वाल है। वह आतंकी उमर-उन-नबी और मुफ्ती इरफान का करीबी सहयोगी था। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने डार को 26 दिसंबर तक एनआईएकी कस्टडी में सौंप दिया। एनआईए के अनुसार यह इस केस में 9वीं गिरफ्तारी है। दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर को धमाके से 15 लोगों की मौत हुई थी। वारदात में 20 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

### ई-स्कूटी की बैटरी में धमाका, एक की मौत

हांसी, हिसार। हरियाणा के हिसार में गुरुवार सुबह एक घर में रखी इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी फटने से आग लग गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में उसकी पत्नी और दो बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 5 बजकर 30 मिनट पर ई-रिक्शा ड्राइवर घर में चार्ज हो रही स्कूटी का प्लग निकाल रहे थे, तभी अचानक बैटरी में तेज धमाका हो गया। धमाका इतना भीषण था कि आग पूरे घर में तेजी से फैल गई। हादसा हांसी के मुल्तान कॉलोनी निवासी नरेश (40) के घर हुआ। वो ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।



## हैप्पी मॉर्निंग

कंजूस आदमी पंडित जी को कम पैसे देते हुए... कोई ऐसा उपाय बताइए कि पैसा ही पैसा हो जाए... पंडित जी- चिंता मत करो बालक एक ऐसा मंत्र बताउंगा जितनी बार बोलोगे उतनी बार धन की प्राप्ति होगी... रोज किसी चौक-चौराहे पर जाओ और बोलो भगवान के नाम पर दे दे बाबा।



## शायरी

'आँखें जलती, साँसें थमीं, ये कैसी हवा है,
धुएं की चादर में लिपटा, दिल्ली का हर नज़ारा है।'

## अर्थसार



सेंसेक्स:
84,481.81
-77.84 (0.092%)
निफ्टी:
25,815.55
-3.00

## मौसम



अधिकतम : 22 डिग्री से0
न्यूनतम : 07 डिग्री से0
सूर्योदय शनिवार : 7 : 10
सूर्यास्त शुक्रवार : 5 : 27

# लास्ट ओवर में छक्के मार रहे हैं जज

▸ सुप्रीम कोर्ट बोला- रिटायरमेंट से पहले जजों का ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका में भ्रष्ट आचरण को लेकर अप्रत्यक्ष रूप से अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने भ्रष्टाचार का जिक्र किए बिना कहा कि रिटायरमेंट से ठीक पहले जजों का बाहरी कारणों से प्रभावित होकर ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने बुधवार को कहा- कुछ जजों में रिटायरमेंट से चंद दिनों पहले बहुत ज्यादा आदेश पारित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। वे आदेश ऐसे सुनाते हैं, जैसे मैच के अंतिम ओवर में छक्के मार रहे हों।

सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी मध्य प्रदेश के एक प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज की याचिका पर सुनवाई के दौरान की। जज ने हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसके तहत रिटायरमेंट से 10 दिन पहले उन्हें सस्पेंड कर दिया गया था। आरोप है कि जज ने कुछ संदिग्ध आदेश पारित किए थे।

# हंगामे के बीच 'वीबी-जी-राम-जी' बिल संसद से पास

**विपक्ष ने कागज फाड़े; शिवराज बोले- चुनावी फायदे के लिए जोड़ा था गांधी का नाम**

**नई दिल्ली।** विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल यानी VB-G Ram G लोकसभा और राज्यसभा से पास हो गया। कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने गुरुवार को दोनों सदनों में विपक्ष के सवालों का जवाब दिया। इस दौरान विपक्ष ने बिल के विरोध में जमकर नारेबाजी की। विपक्षी सांसद वेल में पहुंच गए और कागज फेंके। हंगामे के बीच बिल ध्वनि मत से पास हो गया।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मनरेगा का नाम पहले महात्मा गांधी के नाम पर नहीं रखा गया। वो तो पहले नरेगा थी। बाद में जब 2009 के चुनाव आए तब चुनाव और वोट के कारण महात्मा गांधी याद आए। इसके बाद उसमें जोड़ा गया महात्मा गांधी।

इससे पहले विपक्ष ने इस बिल के विरोध में संसद परिसर में मार्च निकाला। इसमें विपक्ष के 50 से ज्यादा सांसदों ने हिस्सा लिया और वीबी-जी-राम-जी बिल वापस लेने के नारे



लगाए। गुरुवार को राज्यसभा में करीब रात 12 बजे तक वीबी-जी-राम-जी बिल पर तक चर्चा चली। लोकसभा में बुधवार को 14 घंटे चर्चा हुई थी। बिल राज्यसभा से 12: 30 बजे पास हो गया। यह 20 साल पुराने MGNREG एक्ट की जगह लेगा।

इसके पहले राज्यसभा में सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया बिल पास कर दिया गया।

### 5 हजार से ज्यादा सरकारी स्कूलों में एक भी स्टूडेंट नहीं

देशभर में 10.13 लाख सरकारी स्कूलों में से 5,149 में एक भी छात्र नहीं है। 2024-25 शैक्षणिक सत्र में जीरो नामांकन वाले इन स्कूलों में से 70 प्रतिशत से ज्यादा तेलंगाना व पश्चिम बंगाल में हैं। यह जानकारी शिक्षा मंत्रालय ने संसद में दी है। शून्य या 10 से कम छात्रों वाले स्कूलों की संख्या में बीते दो साल में 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

### 43 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की पहुंच देशभर में बंद

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने एक सवाल के जवाब में लोकसभा में बताया कि 43 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की पहुंच को ब्लॉक कर दिया गया है। यह कार्रवाई उन प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ की गई है, जो कानून द्वारा प्रतिबंधित कंटेंट प्रसारित कर रहे थे।

# यूपी में कोहरा बना काल

**दिल्ली में मौसम का सबसे ठंडा दिन; पहाड़ों पर आज भारी हिमपात की संभावना**

**नई दिल्ली।** दो पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव हो रहा है। हिमाचल प्रदेश की ऊंची चोटियों बारालाचा, कुंजुम और रोहतांग में गुरुवार को हल्का हिमपात हुआ, जिससे अधिकतम तापमान में सात डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई। जम्मू कश्मीर के मैदानी इलाकों में वर्षा हुई तो शुक्रवार से हिमपात के आसार हैं।



### दिल्ली में मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा

दिल्ली में मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा। अधिकतम तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंड और कोहरे दोनों का प्रभाव जनजीवन पर भी पड़ा।

मौसम विभाग को अल सुबह तीन बजे कोहरे का यलो जबकि पांच बजे के आसपास आरेंज अलर्ट जारी करना पड़ गया। धुंध के कारण विमान व रेल सेवाएं भी प्रभावित हुईं।

### हिमाचल प्रदेश में माइनस चार डिग्री पहुंचा तापमान

हिमाचल प्रदेश में अधिकतम तापमान में सोलन में सात और कांगड़ा में चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। ऊना, मंडी, धर्मशाला में छह डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है।

मंडी में कोहरे के कारण वाहन चालक परेशान हुए। मरम्मत कार्य के लिए दो दिन बंद रहने के बाद रोहतांग दर्रे पर गुरुवार को 428 वाहन पहुंचे। मौसम विभाग ने 19 दिसंबर को भी प्रदेश में कुछ स्थानों पर बादल छाने की संभावना जताई है।

### यूपी में कोहरा बना काल

आगरा-जयपुर हाईवे पर देर रात कोहरे के कारण भीषण सड़क हादसा हो गया। किरावली कस्बे में अभुआपुरा बिजली घर के सामने हुए इस हादसे में छह वाहन आपस में टकरा गए, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# दिल्ली में एक दिन में 3746 वाहनों का चालान

▸ 570 गाड़ियां बॉर्डर से वापस भेजी गईं; एंट्री प्वाइंट्स पर 5000 वाहनों की जांच हुई

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को बताया कि 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' अभियान के तहत 24 घंटे में 3,746 वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान नियमों का पालन न करने वाले या बिना काम के करीब 570 वाहनों को दिल्ली के बॉर्डर से वापस भेजा गया। अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों ने अभियान के पहले दिन राजधानी के प्रमुख एंट्री पॉइंट्स पर करीब 5,000 वाहनों की जांच की।

## स्कॉर्पियो खाई में गिरी, 3 महिलाओं की मौत

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल में गुरुवार को पर्यटकों से भरी यूपी नंबर की स्कॉर्पियो 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। जिसमें गाड़ी सवार युवक की मां-पत्नी और साली की मौत हो गई है। जबकि कार में सवार अन्य 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। भवाली पुलिस ने तीनों महिलाओं की मौत की पुष्टि करते हुए बताया है कि हादसा भवाली-अल्मोड़ा नेशनल हाईवे पर सुबह साढ़े 9 बजे के आसपास हुआ है। जानकारी के मुताबिक, ड्राइवर को नींद की झपकी आने से हादसा हुआ। हादसे के बाद राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी थी, जिसके बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने स्थानीय लोगों ने साथ मिलकर गाड़ी में फंसे लोगों का रेस्क्यू किया। घायलों को एम्बुलेंस की मदद से नजदीकी सीएचसी सेंटर भेजा गया, कुछ घायलों को सुशीला तिवारी अस्पताल में रेफर किया गया है।

# चांदी 1,479 बढ़कर 2.01 लाख किलो के ऑलटाइम हाई पर



**इस साल कीमत 1.15 लाख बढ़ चुकी, इस महीने 2.10 लाख तक जा सकती है**

**नई दिल्ली।** चांदी की कीमत गुरुवार (18 दिसंबर) को लगातार दूसरे दिन ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 1 किलो चांदी 1,479 रुपए बढ़कर 2,01,120 रुपए किलो पर बंद हुई।

कल पहली बार चांदी 2 लाख रुपए का आंकड़ा पार कर 2,00,750 रुपए पर पहुंच गई थी। हालांकि बाद में गिरकर ये 1,99,641 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई थी। इस साल अब तक चांदी की कीमत 1,15,233 रुपए बढ़ चुकी है।

### सोना 157 रुपए बढ़कर 1.32 लाख रुपए पर पहुंचा

24 कैरेट शुद्धता वाले सोने के दाम भी 157 रुपए बढ़कर 1,32,474 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। कल ये (17 दिसंबर) 1,32,317 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। सोने ने 15 दिसंबर को 1,33,442 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

# 3 साल में बस में आग लगने की 45 घटनाएं : इनमें 64 लोगों की मौत



**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने राज्यसभा में जानकारी दी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में पिछले तीन वर्षों में चलती बसों में आग लगने की 45 घटनाएं सामने आई हैं। इन हादसों में कुल 64 लोगों की मौत हुई है। यह जानकारी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को राज्यसभा में दी।

मंत्रालय के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक डिटेल्ड एक्सिडेंट रिपोर्ट पोर्टल के आंकड़ों में 2023, 2024 और 2025 (10 दिसंबर तक) की घटनाएं शामिल हैं।

2023 में बस में आग की 11 घटनाएं हुईं, जिनमें 1 व्यक्ति की मौत हुई। 2024 में 20 घटनाओं में 31 लोगों की जान गई। 2025 में अब तक 14 घटनाओं में 32 मौतें दर्ज की गई हैं। इन तीन वर्षों में कुल 145 लोग घायल भी हुए हैं।

सरकार ने स्पष्ट किया कि आंध्र प्रदेश के कर्नूल में 24 अक्टूबर 2025 को हुई बस दुर्घटना, जिसमें 20 लोगों की मौत हुई थी, इन आंकड़ों में शामिल नहीं है।

**किन राज्यों में कितनी घटनाएं-**

राजस्थान में बस में आग लगने की 6 घटनाएं हुईं जिसमें 45 लोगों की जान गई
महाराष्ट्र में बस में आग लगने की 9 घटनाएं हुईं जिसमें 1 मौत हुई
मध्य प्रदेश में बस में आग लगने की 8 घटनाएं हुईं जिसमें 1 की मौत दर्ज की गई
तमिलनाडु में बस में आग लगने की 6 घटनाएं हुईं जिसमें 2 लोगों की मौत हुई
कर्नाटक में बस में आग लगने की 6 घटनाएं हुईं जिसमें 1 की मौत हुई
हरियाणा में बस में आग लगने की 1 घटना हुई जिसमें 10 लोगों की मौत हुई
तेलंगाना में बस में आग लगने की 2 मौत हुई जिसमें 2 लोगों की जान गई
आंध्र प्रदेश में बस में आग लगने की 1 घटना हुई जिसमें 1 की मौत हुई
ओडिशा में बस में आग लगने की 1 घटना हुई जिसमें 1 की मौत हुई
सरकार ने बताया कि दिल्ली, असम, गुजरात में कुल 6 घटनाएं। इन हादसों में किसी की भी मौत दर्ज नहीं की गई।

### बस सुरक्षा के लिए सरकार के कदम

मंत्रालय ने बताया कि बसों में आग जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा मानकों को अपडेट किया गया है। एआईएस-119 मानकों में संशोधन किया गया है ताकि हर बस में फायर एक्सटिंग्विशर और अतिरिक्त आपातकालीन निकास (Emergency Exit) होना अनिवार्य हो। इसके अलावा, फ्यूल सिस्टम और इलेक्ट्रिकल वायरिंग से संबंधित सुरक्षा नियमों को भी कड़ा किया गया है।

सरकार राज्यों को लगातार निर्देश दे रही है ताकि पुराने वाहनों में भी सुरक्षा उपकरण लगाए जा सकें और हादसों की जांच रिपोर्ट जल्द से जल्द सामने आए।

# कार पर पलटा बजरी से भरा डंपर, 4 की मौत

**मरने वालों में 3 भाई और भतीजा; बर्थडे पार्टी में शामिल होने जा रहे थे कोटा**

**बूंदी।** बूंदी में बजरी से भरा डंपर कार पर पलट गया। डंपर और बजरी के नीचे दबने से 4 लोगों की मौत हो गई।

मरने वालों में 3 भाई और एक भतीजा शामिल है। वहीं, 1 भाई को गंभीर हालत में कोटा रेफर किया गया है।

कार सवार लोग टोंक के रहने वाले थे। सभी लोग कोटा में रहने वाली मौसी के पोते के बर्थडे में शामिल होने जा रहे थे। सदर थाना इलाके में एनएच-52 (जयपुर-कोटा) पर सिलोर पुलिया पर डंपर का टायर फटने से हादसा हुआ।

### टोंक से कोटा जा रहे थे कार सवार

थानाधिकारी भंवर सिंह ने बताया- टोंक में राज टॉकीज रोड स्थित विवेकानंद स्कूल के पीछे रहने वाले 5 लोग गुरुवार शाम करीब 5:30 बजे क्रेटा गाड़ी में कोटा जा रहे थे।



इस दौरान जयपुर-कोटा हाईवे स्थित सिलोर पुलिया पर बजरी से भरा डंपर कार पर पलट गया, जिसके चलते कार के अंदर बैठे लोग दब गए।

हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग दौड़कर आए और बजरी हटाने में जुट गए। क्रेन की मदद से डंपर को हटाया गया। हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गाड़ी में बैठे 3 भाइयों और भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 1 घायल भाई को बूंदी जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से कोटा रेफर कर दिया गया।

### डंपर का टायर फटने से हुआ हादसा

थानाधिकारी ने बताया- तेज रफ्तार डंपर का आगे का टायर अचानक फट गया।

इसके चलते डंपर असंतुलित होकर कार पर पलट गया, जिससे सभी लोग डंपर और बजरी के नीचे दब गए।

सूचना पर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों की मदद से करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला।

**एपस्टीन सेक्स स्कैंडल** अरबपति बिल गेट्स महिलाओं के साथ दिखे; डेमोक्रेट्स सांसदों ने जारी कीं; आज पूरी फाइल्स रिलीज होंगी

# एपस्टीन सेक्स स्कैंडल की 68 नई तस्वीरें सामने आईं

**वॉशिंगटन डीसी।** एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से जुड़ी 68 नई तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों को गुरुवार देर रात अमेरिकी संसद की हाउस ओवरसाइट कमेटी के डेमोक्रेट सांसदों ने रिलीज किया हैं।

इनमें से दो तस्वीरों में अरबपति बिल गेट्स महिलाओं के साथ नजर आ रहे हैं। हालांकि यह साफ नहीं है कि दोनों महिलाएं एक ही हैं या अलग-अलग। यहां यह साफ कर दें कि इन तस्वीरों का यह मतलब नहीं है कि ये लोग किसी गलत काम में शामिल थे। इसकी जानकारी एपस्टीन फाइल्स के सामने आने के बाद ही आएगी। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट कल इस सेक्स स्कैंडल से जुड़ी सभी फाइलें रिलीज करने वाला है। इससे पहले 12 दिसंबर को 19 तस्वीरें जारी की गई थीं, जिनमें भी बिल गेट्स नजर आए थे।

### तस्वीरों में महिला के शरीर पर मैसेज लिखा दिखा

नई तस्वीरों में महिला के शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर हाथ से लिखे गए मैसेज दिखाई दे रहे हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक यह मशहूर किताब लोलिता से लिए गए मैसेज हैं। एक तस्वीर में इस किताब की कॉपी भी पीछे नजर आती है।

'लोलिता' एक विवादित उपन्यास है। इसमें एक नाबालिग लड़की के शोषण की कहानी लिखी है। इसी वजह से महिला के शरीर पर इस किताब से जुड़े मैसेज को लेकर लोग सवाल उठा रहे हैं। इसे संवेदनशील मामला माना जा रहा है।





फिलहाल यह साफ नहीं है कि ये सभी मैसेज एक ही महिला के शरीर पर लिखे गए हैं या अलग-अलग महिलाओं पर। तस्वीरें किस मकसद से ली गईं, इसकी भी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है।

### एपस्टीन के ठिकाने से 95 हजार तस्वीरें बरामद

रिपब्लिकन-सांसदों के नेतृत्व वाली इस कमेटी को एप्स्टीन के ठिकाने से अब तक हजारों डॉक्यूमेंट, ईमेल और 95000 से ज्यादा तस्वीरें मिली हैं।

### कौन था जेफ्री एपस्टीन?

जेफ्री एपस्टीन न्यूयॉर्क का करोड़पति फाइनेंसर था। उसकी बड़े नेताओं और सेलिब्रिटीज से दोस्ती थी। उस पर 2005 में नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगा। 2008 में उसे नाबालिग से सेक्स की मांग करने का दोषी ठहराया गया। उसे 13 महीने की जेल हुई। 2019 में जेफ्री को सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। लेकिन मुकदमे से पहले ही उसने जेल में आत्महत्या कर ली।

# 16 करोड़ का साइबर निवेश फ्रॉड करने वाले 9 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली जिले की साइबर थाना पुलिस ने 16 करोड़ रुपए के साइबर निवेश फ्रॉड करने वाले एक अंतरराज्यीय संगठित सिंडिकेट का पर्दाफाश किया गया है। पुलिस ने एक माह तक 5 राज्यों केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में छापेमारी के बाद 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 11 मोबाइल, कई सिम कार्ड, एटीएम कार्ड, चेक बुक, पासबुक और अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं।

डीसीपी डीएस भास्कर ने बताया- गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अकाउंट होल्डर शौकत अली (42), बाबू पायनाडथ (38) और इनके सहयोगी एंथोनी बाबू (58), देवेंद्र पांडे उर्फ शिवम (22), दुरव राज मिश्रा (18), फारूक (30), मोहम्मद अदनान रजा उर्फ बिल्ला (23), अम्मा गुंटा कविता (34) और केवी शिव योगी (56) के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ एनसीआरपी पोर्टल पर 286 शिकायतें दर्ज पाई गई हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी मोहम्मद अदनान रजा और देवेंद्र पांडे को एजेंटों का इंतजाम करने और उनके नाम पर बैंक अकाउंट खोलने का काम सौंपा गया था। इन एजेंटों को रहने की जगह दी गई थी और उनके बैंक खाते मोबाइल एप के जरिए दूर से ऑपरेट किए जाते थे। विदेश से काम करने वाले मुख्य ऑपरेटर इन खातों को कंट्रोल करते थे। जांच को गुमराह करने के लिए रकम को कई खातों में घुमाया जाता

## संपादकीय

# दिल्ली की हवा ज़हरीली है, लेकिन मुख्यमंत्री चुप क्यों हैं?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

दिसंबर 2025 एक बार फिर दिल्लीवासियों के लिए जहरीले स्मॉग की त्रासदी लेकर आया है। राजधानी की हवा इतनी विषैली हो चुकी है कि सांस लेना भी जोखिम बन गया है। 18 दिसंबर को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 'बहुत खराब' से 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया। आनंद विहार जैसे इलाकों में यह 400 के पार चला गया।

घना कोहरा और स्मॉग मिलकर दृश्यता लगभग शून्य कर चुके हैं। फ्लाइट्स रद्द हो रही हैं, ट्रेनें देरी से चल रही हैं, एक्सप्रेसवे पर चेन हादसे बढ़ रहे हैं। लेकिन इस पूरे संकट में सबसे बड़ा सवाल यही है—

### क्या दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता इस प्रदूषण आपदा पर कोई ठोस कदम उठा रही हैं?

**सत्ता बदली, हवा नहीं बदली**

2025 की शुरुआत में भाजपा की जीत के बाद रेखा गुप्ता ने दिल्ली की कमान संभाली थी। चुनावी वादों में स्वच्छ हवा, प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण सुधार प्रमुख मुद्दे थे। लेकिन सर्दी आते ही हालात फिर बदतर हो गए।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार 13 से 18 दिसंबर के बीच दिल्ली का एक्यू लगातार 'गंभीर' श्रेणी में रहा। 15 दिसंबर को दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बन गई।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि पीएम 2.5 का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की सुरक्षित सीमा से 30 गुना अधिक है। इसका सीधा असर बच्चों, बुजुर्गों और सांस व हृदय रोगियों पर पड़ रहा है।

### जीआरएपी लागू, लेकिन दिल्ली सरकार कहां?

प्रदूषण से निपटने के लिए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत पहले ग्रैप-3 और फिर ग्रैप-4 लागू किया गया।

इनमें निर्माण कार्य रोकना, पुराने वाहनों पर प्रतिबंध, ट्रकों की एंट्री बंद करना, स्कूलों में हाइब्रिड क्लासेस और 18 दिसंबर से नो पीयूसी-नो फ्यूल नियम जैसे कदम शामिल हैं।

लेकिन ये सभी फैसले मुख्यतः केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) के हैं, जो केंद्र सरकार के अधीन है।

### दिल्ली सरकार की अपनी पहल क्या है?

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की ओर से न कोई बड़ा ऐलान, न कोई विशेष बैठक, न कोई जन अभियान दिखाई देता है।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह प्रदूषण पिछली आप सरकार की देन है और 9-10 महीनों में इसे ठीक करना संभव नहीं। उन्होंने माफी तो मांगी, लेकिन साथ ही जिम्मेदारी भी पिछली सरकार पर डाल दी।

### क्या यही जवाबदेही है?

**छोटे कदम, बड़ा संकट**

**दिल्ली सरकार ने कुछ सीमित कदम जरूर उठाए—**

* कक्षा 5 तक ऑनलाइन क्लासेस
* तंदूरों में कोयला-लकड़ी पर रोक
* कचरा जलाने पर 5,000 रुपये जुर्माना

लेकिन ये कदम अस्थायी और अपर्याप्त हैं। वर्षों से क्लाउड सीडिंग, इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने, पराली जलाने पर पड़ोसी राज्यों से समन्वय और औद्योगिक उत्सर्जन पर सख्त निगरानी की बातें होती रही हैं—अमल आज भी अधूरा है।

भाजपा ने सत्ता में आने से पहले आम आदमी पार्टी को प्रदूषण के लिए कठघरे में खड़ा किया था। लेकिन आज खुद सत्ता में होने के बावजूद वही सरकार बहानेबाज़ी करती नज़र आ रही है।

### प्रदूषण राजनीति नहीं, जीवन-मरण का सवाल है

प्रदूषण कोई मौसमी आपदा नहीं, बल्कि साल भर की प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है।

वाहन उत्सर्जन, निर्माण की धूल, औद्योगिक प्रदूषण और पराली जलाना—ये सभी ज्ञात कारण हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में हर साल लाखों मौतें प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों के कारण होती हैं। बीजिंग ने कठोर और निरंतर नीतियों से अपनी हवा सुधारी, लेकिन दिल्ली में अब भी राजनीति समाधान पर भारी है।

### अब नेतृत्व को आगे आना होगा

**मुख्यमंत्री को चाहिए कि वह आगे आकर स्थायी समाधान लागू करें—**

* इलेक्ट्रिक वाहनों को आक्रामक रूप से बढ़ाया जाए
* ग्रीन कॉरिडोर और शहरी हरित क्षेत्र विकसित हों
* औद्योगिक उत्सर्जन पर सख्त निगरानी हो
* बड़े पैमाने पर जन जागरूकता अभियान चले

नागरिक स्तर पर मास्क पहनना, कार पूलिंग और अनावश्यक यात्रा से बचना जरूरी है, लेकिन सबसे बड़ी जिम्मेदारी सरकार और नेतृत्व की है।

### निष्कर्ष

यह समय दोषारोपण का नहीं, निर्णायक कार्रवाई का है।

यदि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अब भी चुप रहीं, तो दिल्लीवासी हर सांस के साथ ज़हर निगलते रहेंगे।

प्रदूषण पर राजनीति बंद होनी चाहिए, समाधान शुरू होना चाहिए। अन्यथा हर सर्दी दिल्ली धीरे-धीरे मौत का शहर बनती रहेगी।




# अमीरी की जीवनशैली, प्रदूषण का बोझ और गरीब की त्रासदी

-ललित गर्ग-



देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली आज जिस घातक पर्यावरण संकट से गुजर रही है, वह केवल एक शहर की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश के लिये चेतावनी है। विडंबना यह है कि इस संकट के नाम पर जो तात्कालिक उपाय लागू किए जाते हैं, उनका सबसे बड़ा खामियाजा वही तबका भुगतता है, जिसकी इसमें सबसे कम भूमिका होती है-गरीब और श्रमिक वर्ग। इसी पीड़ा को शब्द देते हुए सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि अमीरों की जीवनशैली से पैदा हुई मुश्किलों का सामना गरीबों को करना पड़ता है। यह टिप्पणी न केवल कानूनी दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक और नैतिक चेतना को झकझोरने वाली भी है। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने यह मर्मस्पर्शी टिप्पणी की। वरिष्ठ अधिवक्ता और न्यायमित्र अपराजिता सिंह की दलीलों पर गौर करते हुए अदालत ने स्पष्ट कहा कि ग्रैप-4 जैसी सख्त पाबंदियों का सबसे ज्यादा असर गरीबों पर पड़ता है। निर्माण कार्य रुकते हैं, दिहाड़ी मजदूरों की रोजी-रोटी ठप हो जाती है, जबकि प्रदूषण पैदा करने वाली जीवनशैली में शामिल संपन्न तबके पर अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ता। मुख्य न्यायाधीश ने साफ शब्दों में कहा कि समस्या की जड़ अमीरों की जीवनशैली है और समाधान भी वहीं से शुरू होना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अदालत ऐसे प्रभावी और लागू करने योग्य आदेश पारित करेगी, जिन्हें जरूरत पड़ने पर सख्ती से लागू भी किया जा सकेगा।

जस्टिस सूर्यकांत का कहना था कि महानगरों में लोगों की अपनी अलग जीवनशैली होती है, जिन्हें वे बदलना नहीं चाहते। यही वजह है कि समस्या अमीरी की वजह से होती है, लेकिन झेलना गरीब को पड़ता है। दरअसल, अदालत की सोच रही है कि हमारा परिवेश-पर्यावरण साफ-सुथरा रहे, इसके लिये हम सबको अपने कुछ सुखों का त्याग करना होगा, अपने जीवन को पर्यावरण के अनुकूल ढालना होगा एवं प्रकृति-एवं पर्यावरण के प्रति सकारात्मक रवैया अपना होगा। यह जानते हुए कि पर्यावरण पर आने वाले संकट व प्रदूषित हवा का अमीर-गरीब पर समान असर पड़ता है फिर भी अमीर लोग इससे बेपरवाह रहते हैं। निस्संदेह, शीर्ष अदालत ने समाज की दुखती रग पर हाथ रखा है। चौड़ी होती सड़कें, नए फ्लाईओवर और हाईवे बनने के बावजूद जाम और प्रदूषण कम नहीं हो रहे। कारण साफ है निजी वाहनों का बेहिसाब इस्तेमाल। एक व्यक्ति, एक कार का चलन न केवल सड़क की जगह घेरता है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन को भी कई गुना बढ़ाता है। कभी ऑड-इवन जैसी योजनाओं पर चर्चा हुई, कार-पूलिंग की बात चली, लेकिन सार्वजनिक परिवहन को सस्ता, सुगम और भरोसेमंद बनाने की इच्छाशक्ति लगातार कमजोर रही।

आज एसी, कूलर और अन्य वातानुकूलन साधनों का बढ़ता उपयोग भी पर्यावरण संकट को गहराता जा रहा है। इससे बिजली की खपत बढ़ती है, तापमान में वृद्धि होती है और अप्रत्यक्ष रूप से प्रदूषण का दायरा फैलता है। उद्योगों में भी पर्यावरणीय नियमों का ईमानदार पालन नहीं होता। जल संकट इसका एक और क्रूर उदाहरण है-जहां झुग्गी-बस्तियों में पीने के पानी की किल्लत है, वहीं पॉश कॉलोनियों में लॉन सींचे जाते हैं, कारें धुलती हैं और स्विमिंग पूल भरे रहते हैं। कुदरत ने हवा, पानी और संसाधन सभी के लिये दिए हैं, लेकिन अमीरी के असमान दखल ने इनके वितरण को अन्यायपूर्ण बना दिया है। राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप तो करते हैं, लेकिन ठोस और दीर्घकालिक समाधान सामने नहीं आते।

अब समय आ गया है कि सरकार और जनता-दोनों अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाएं। सरकार को सार्वजनिक परिवहन को मजबूत, सस्ता और आकर्षक बनाना होगा, उद्योगों पर पर्यावरणीय नियमों का कड़ाई से पालन कराना होगा और शहरी विकास की नीतियों को पर्यावरण-संवेदनशील बनाना होगा। वहीं जनता को भी अपनी जीवनशैली पर पुनर्विचार करना होगा-अनावश्यक वाहन उपयोग से बचना, ऊर्जा की खपत कम करना, एसी और अन्य सुविधाओं का संयमित इस्तेमाल करना और साझा संसाधनों के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाना होगा। विडंबना यह है कि सत्ताधीशों ने दिल्ली में सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट को सशक्त करने को प्राथमिकता नहीं दी। यदि सार्वजनिक परिवहन सस्ता व सहज उपलब्ध होता तो शायद सड़कों पर कारों का दबाव कम होता। हाल के दिनों में संपन्न व मध्यम वर्ग में एसी व अन्य वातानुकूलन उपायों के उपयोग का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। इससे जहां प्रदूषण बढ़ाने वाली बिजली की खपत बढ़ी है, वहीं बाहर का तापमान व कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ा है। इसी तरह तमाम अमीरों द्वारा संचालित उद्योगों में उन उपायों का ईमानदारी से पालन नहीं किया गया जो पर्यावरण में प्रदूषण कम करने में सहायक होते हैं।


सरकारों की नीतिगत विफलता इस बढ़ते वायु प्रदूषण की त्रासदी का बड़ा कारण है। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए योजनाएं तो बनती हैं, पर उनमें न तो स्थायित्व होता है, न गंभीरता। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं, निगरानी तंत्र कमजोर है, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई नगण्य है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच जिम्मेदारी का बंटवारा अस्पष्ट है। हर साल सर्दियों में दिल्ली और उत्तर भारत के अन्य शहरों की हवा जहरीली हो जाती है, तब कुछ दिन के लिए 'आपात कदम' उठाए जाते हैं, पर जैसे ही धुंध छंटती है, सब कुछ फिर पहले जैसा हो जाता है। नीतियों में पारदर्शिता का अभाव और उद्योगपतियों का दबाव भी एक गहरी समस्या है। कोयला आधारित उद्योगों, पेट्रोलियम कंपनियों और निर्माण व्यवसाय से जुड़ी लॉबी सरकारों पर ऐसा प्रभाव बनाए रखती हैं कि कठोर कदम उठाना राजनीतिक दृष्टि से असुविधाजनक बन जाता है। स्वच्छ ऊर्जा की ओर संक्रमण को हमेशा 'महंगा विकल्प' बताकर टाला जाता है, जबकि वास्तव में यह निवेश मानव जीवन और पर्यावरण की सुरक्षा में है।

वायु प्रदूषण का संकट केवल वातावरण में धूल और धुएं का मामला नहीं है, यह आर्थिक अन्याय, राजनीतिक असंवेदनशीलता और सामाजिक उदासीनता का प्रतीक बन चुका है। जो सरकारें जनजीवन सुधारने का वादा करती हैं, वे हवा की गुणवत्ता सुधारने में विफल रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि वायु प्रदूषण से भारत की अर्थव्यवस्था को हर साल सकल घरेलू उत्पाद का लगभग दस प्रतिशत तक का नुकसान हो रहा है। यह नुकसान केवल पैसों में नहीं, बल्कि मानव संसाधन की हानि, स्वास्थ्य पर बोझ और जीवन की गुणवत्ता में गिरावट के रूप में भी दिखाई देता है। अब समय है कि इस संकट को केवल पर्यावरणीय मुद्दा न मानकर एक सामाजिक और नैतिक चुनौती के रूप में देखा जाए। हवा का अधिकार हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन यह अधिकार धीरे-धीरे छिनता जा रहा है। अमीरों को अपनी जीवनशैली पर संयम लाना होगा, अपने निवेशों को स्वच्छ ऊर्जा की ओर मोड़ना होगा, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों से दूरी बनानी होगी। सरकारों को सख्त नीति बनानी चाहिए, जो न केवल प्रदूषण फैलाने वालों को दंडित करे बल्कि स्वच्छ प्रौद्योगिकी अपनाने वालों को प्रोत्साहन दे।

वायु प्रदूषण एक सामूहिक अपराध बन गया है जिसमें अपराधी कम और पीड़ित अधिक हैं। अब यह वक्त है जब विकास की परिभाषा में स्वच्छ हवा और सुरक्षित वातावरण को सबसे ऊपर रखा जाए। सरकारें यदि सचमुच राष्ट्र की समृद्धि चाहती हैं, नया भारत-विकसित भारत बनाना चाहती है तो उन्हें सांसों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। अमीर तबके को भी यह समझना होगा कि जिस हवा को वे अपने निवेशों से दूषित कर रहे हैं, वह अंततः उन्हीं की अगली पीढ़ियों की सांसों को रोक देगी। वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण को लेकर किसी किस्म की उदासीनता देश और मानवता के साथ अन्याय होगा। अमीरी होना कोई अपराध नहीं, लेकिन अमीरी की कीमत अगर गरीब चुकाए, तो वह सभ्य समाज की हार है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी और सोच हमें यही संदेश देती है कि स्वच्छ पर्यावरण के लिये कुछ सुखों का त्याग अनिवार्य है। यदि आज हमने अपनी आदतें नहीं बदलीं, तो आने वाली पीढ़ियों को हम केवल प्रदूषित हवा, सूखते जलस्रोत और असमानता की विरासत ही सौंप पाएंगे।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3744




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः: 1 2 3 4 5 (15), 7 8 9 (24)

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 3743 का हल



## हंसी के फूव्वारें

जज ने अभियुक्त से कहा-'तुम पर मोटर तेज चलाने का इल्जाम है. क्या तुम अपना इल्जाम स्वीकार करते हो?'

'जी हां, मीलार्ड, मगर ?'

'मैंने कोई अपराध नहीं किया.' अभियुक्त सफाई देते हुए बोला-'मेरी मोटर के ब्रेक खराब थे, इसलिये मैंने सोचा कि जल्दी से घर पहुँच जाऊं. कहीं ऐसा न हो कि कोई एक्सीडेंट हो जाए !'

□ □ □

एक सेठ बीमार पड़ गया.

डाक्टरों ने उसे राय दी कि वह विदेश जाकर दवा कराये तो उसने अपने मुंशी से पूछा-'मुंशी जी ! विदेश जाकर दवा कराने में कितना खर्च होगा ?'

'लगभग बीस हजार !'

'और क्रिया-कर्म में ?'

'लगभग पांच हजार !'

'तो फिर इलाज से मरना ही ज्यादा फायदेमंद रहेगा.' सेठ ने ठण्डी सांस लेते हुए कहा.

□ □ □

रमेश ने महेश से पूछा-'जब सेब पेड़ से नीचे गिरा तो न्यूटन को बहुत आश्चर्य हुआ.'

महेश-'पागल था वह ?'

रमेश-'वह कैसे ?'

महेश-'आश्चर्य की बात तो तब होती जब सेब नीचे से ऊपर जाता.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3744



**बायें से दायें:-**

१. 'ये तारा वो तारा' गीत वाली आशुतोष गोवारीकर की फिल्म-३
३. 'तुम्हें अपना बनाने की' गीत वाली संजयदत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
५. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली जतिन ग्रेवाल, नेहा की फिल्म-३
८. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'रामजी की निरली सवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली ऋषिकपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१०. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'कन्हैया कन्हैया तुझे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली अमिताभ, रवीना, नंदिता की फिल्म-२
१२. अमिताभ, जीनत की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'दिन सारा गुजारा' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'वो शाम कुछ अजीब थी' गीत वाली राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
१९. आमिर, जूही, ममता की 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'रिफ्यूजी' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-३
२४. अक्षयकुमार, करीना की 'दिल ले गया परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'बहारों फूल बरसाओ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२८. किशोरकुमार की 'एक चतुर नार करके सिंगार' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'फिर वही चांद वही गम' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-३
३०. डिनो, बिपाशा की 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कैसे कटे दिन कैसे' गीत वाली राजेश, गोविंदा, जूही की फिल्म-२
२. अमिताभ, जयाप्रदा की 'मंजिलें अपनी जगह हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'तेरे नाम' में नायक कौन था-४,२
४. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
५. काहे कोयल शोर, मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
६. जीतेंद्र, लीना चंदावरकार की 'तूने तूने ओ सनम' गीत वाली फिल्म-४
९. 'है मुबारक आज का' गीत वाली मिथुन चक्रवर्ती, रति की फिल्म-३
११. संजय दत्त, अनिता की 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'हम तुम को निगाहो' गीत वाली सलमान, अरबाज, शिल्पा की फिल्म-२
१६. राजकपूर, वहीदा रहमान की 'सजन रे झूठ मत बोलो' गीत वाली फिल्म-३,३
१८. फिल्म 'मिस ४२०' में नायिका कौन थी-२
२०. सनी देओल, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'तू धरती पे चाहे जहाँ' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-२
२३. अजय देवगन, अमीषा पटेल की 'प्यार तो होता है प्यार' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'मेरे अंगने में तुम्हारा' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
२६. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की 'एक बगिया में रहती है' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 3743



## सूडोकु -3744

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3743 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

## शब्द पहेली - 3744



**बाएँ से दाएँ**

1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

शब्द पहेली - 3743 का हल



# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई

## 46 कंपनियों पर 49.45 लाख रुपए का जुर्माना लगाया

गौतम बुद्ध नगर। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर ग्रैप-4 (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान-4) लागू है। इसके नियमों का उल्लंघन करने वालों पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सख्त कार्रवाई कर रहा है। प्राधिकरण ने अब तक 46 कंपनियों और व्यक्तियों पर कुल 49.45 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

एनजीटी के आदेशों के तहत एनसीआर में ग्रेप-4 लागू होने के साथ ही निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी गई है। इसके अतिरिक्त, निर्माण सामग्री को ढककर रखने और नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने सख्ती से निर्देश दिए हैं कि सभी नियमों का पालन किया जाए। एसीईओ सुमित यादव के नेतृत्व में परियोजना विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में निगरानी कर रही है।



नियमों का उल्लंघन मिलने पर टीम तुरंत कार्रवाई कर जुर्माना लगा रही है।

विगत दो दिनों में 46 जगहों पर उल्लंघन मिलने पर कुल 49.45 लाख रुपये की पेनल्टी लगाई गई। इसमें ईटा वन के 22 निवासियों को भी जुर्माना लगाया गया, जो ग्रैप-4 के नियमों की अनदेखी कर निर्माण कार्य कर रहे थे। प्राधिकरण ने सभी से जुर्माने की रकम एक सप्ताह के भीतर जमा कराने के निर्देश दिए हैं।

कंपनी/आवंटी का नाम-- सेक्टर-- पेनल्टी(रुपए) 1. एटीएस -सेक्टर-1 -5 लाख 2. बृंदा (स्काई वार्ड) -सेक्टर-1 -5 लाख 3. मनोज शर्मा -खेड़ा चौगानपुर -5 लाख 4. बटुकनाथ शुक्ल -खेड़ा चौगानपुर -5 लाख 5. एबीएस डेवलपर्स -खेड़ा चौगानपुर -5 लाख 6. ऐस ग्रुप -12 -1 लाख 7. सिवीटेक -12 -1 लाख 8. फ्यूजन -12 -1 लाख 9. फ्यूजन फैबरिक्स -10 -1 लाख 10. एनडीकॉन कंस्ट्रक्शन -ईकोटेक-8 -1 लाख 11. सुविज फोइल -ईकोटेक-8 -1 लाख 12. स्पार्किंग ह्यूज जेम्स -ईकोटेक-8 -1 लाख 13. संदीप कुमार -भनौता -1 लाख 14. धर्मवती -भनौता -1 लाख 15. सतेंद्र -भनौता -1 लाख 16. जयपाल आदि -भनौता -1 लाख 17. मनोज गौतम -छपरौला -1 लाख 18. हाइवे मैनशन -सहारा सिटी -1 लाख 19. मुकेश -छपरौला -1 लाख 20. शिवम सैनी -छपरौला -1 लाख 21. हर्षवर्धन -छपरौला -1 लाख 22. हरीश सिंघल -छपरौला -1 लाख 23. कंपलेंट कनवेयर सिस्टम -ईकोटेक-6 -50 हजार 24. बीएलसी इंजीनियरिंग सर्विसेज -ईकोटेक-6 -25 हजार 25. 22 अन्य -ईटा वन -6.70 लाख

# नोएडा में रिटायर्ड अधिकारी से 1.97 की ठगी

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने स्वास्थ्य विभाग अतिरिक्त निदेशक पद से रिटायर्ड अधिकारी से आईजीएल गैस कनेक्शन काटने के नाम पर 1.97 लाख रुपए की ठगी कर ली। ठग ने पहले कॉल कर उन्हें फर्जी आईजीएल अधिकारी से बात करने के लिए दबाव बनाए।

इसी दौरान उन्हें एक नंबर से कॉल आई कि वह आईजीएल गैस का बिल जमा नहीं किया है। जिससे उनका कनेक्शन अगले दो घंटे में काट दिया जाएगा। साथ ही उन्हें बिल जमा करने के लिए वॉट्सऐप नंबर पर डेबिट कार्ड की डिटेल मांग ली।

ठगों ने उनके बैंक खाते से 1.97 लाख रुपए निकाल लिए। मामले में सेक्टर 113 थाने की साइबर सेल ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को सेक्टर 76 आम्रपाली सिलिकॉन सिटी सोसाइटी में रहने वाले डॉ राजेश्वर कुमार वत्स ने बताया कि वह लखनऊ स्वास्थ्य भवन से अतिरिक्त निदेशक चिकित्सा पद से रिटायर्ड हूं। पीड़ित के मोबाइल पर इसी महीने 6 दिसंबर को अनजान नंबर से उन्हें कॉल आई। कॉलर ने खुद को आईजीएल कर्मचारी के रूप में जानकारी दी।

### कनेक्शन काटने की धमकी दी

साथ ही उसने एक नंबर देकर उन्हें कॉल कर बात करने के लिए कहा। पीड़ित ने उसी दिन शाम 6 बजे दिए हुए नंबर पर बात करने की कोशिश को तो वह नंबर व्यस्त बता रहा था। तभी पीड़ित को एक अन्य नंबर से कॉल आई और कॉलर ने बिल नहीं जमा होने पर कनेक्शन काटने की धमकी देने लगा और पीड़ित से एक वॉट्सऐप नंबर पर डेबिट कॉर्ड की जानकारी मांग ली। इसके कुछ घंटे बाद पीड़ित के बैंक अकाउंट से 1 लाख 245 रुपए निकाल लिए।

## शार्ट न्यूज

### पिकअप गाड़ी ने बच्चे को कुचला

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर चाई-3 में एक पिकअप गाड़ी ने एक बच्चे को कुचल दिया। बच्चे की चीख सुनकर ड्राइवर तुरंत रुका और उसे अस्पताल ले गया। इलाज के बाद बच्चे को छुट्टी दे दी गई है और वह अब पूरी तरह स्वस्थ है। जानकारी के मुताबिक, यह वीडियो लगभग एक महीने पुराना बताया जा रहा है। घटना के समय पिकअप ड्राइवर फोन पर बात कर रहा था और उसने सड़क पर खेल रहे बच्चे को नहीं देखा। इसी कारण गाड़ी बच्चे के ऊपर चढ़ गई। ड्राइवर की इस लापरवाही को घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है। यह घटना वाहन चालकों के लिए एक चेतावनी है कि गाड़ी चलाते समय फोन का इस्तेमाल न करें, क्योंकि इससे अपनी और दूसरों की जान खतरे में पड़ सकती है। साथ ही यह अभिभावकों के लिए भी जरूरी है कि वे अपने बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और उन्हें सड़क पर अकेले खेलने न दें। इस मामले में बच्चे के परिजनों की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस ने भी बताया कि उन्हें इस घटना की कोई शिकायत नहीं मिली थी। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस इस मामले की जानकारी जुटा रही है।

### नोएडा में मूर्तिकार राम सुतार का निधन

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-19 में बुधवार रात मूर्तिकार राम वंजी सुतार का निधन हो गया। उन्होंने दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को बनाया था। वह पद्मभूषण समेत कई बड़े अवार्ड से सम्मानित थे। कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्होंने घर पर ही अंतिम सांस ली। आज उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी ने उनके निधन पर शोक जताया है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा-राम सुतार जी के निधन से दुखी हूं। उन्होंने देश के महान मूर्तिकार थे। उन्होंने केवडिया में स्थापित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को बनाया था। उन्होंने मूर्तिकला से देश की सेवा की है। इसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। वे देश का गौरव हैं। वह अपने काम से हमेशा दूसरों को प्रेरणा देते रहेंगे। ? शांति। वहीं सीएम योगी ने लिखा- महान मूर्तिकार, विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के शिल्पकार, पद्म भूषण श्री राम. वी. सुतार जी का निधन अत्यंत दु:खद एवं कला जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ? शांति!

### मजदूर सात दिन से लापता

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के मिर्जापुर गांव से 23 वर्षीय मजदूर अंशु पिछले सात दिनों से लापता है। मूल रूप से महोबा जिले का रहने वाला अंशु ग्रेटर नोएडा में मजदूरी करता था। उसके परिजन पुलिस पर गुमशुदगी दर्ज न करने का आरोप लगा रहे हैं। अंशु के पिता सत्ती दीनपाल ने बताया कि उनका बेटा 11 दिसंबर को काम के लिए घर से निकला था, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने रबूपुरा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। परिजनों का आरोप है कि शिकायत देने के बावजूद पुलिस ने अभी तक अंशु की गुमशुदगी दर्ज नहीं की है। इस कारण परिवार के सदस्य लगातार थाने के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अंशु भी ग्रेटर नोएडा क्षेत्र की गौर सिटी सोसाइटी में मजदूरी का काम करता था। अंशु का मोबाइल फोन भी घटना के दिन से बंद आ रहा है, जिससे परिवार की चिंता बढ़ गई है। परिजनों ने अब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने का निर्णय लिया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गुमशुदगी दर्ज कर अंशु की तलाश शुरू की जाए और उसे बरामद किया जाए।

### 7वीं के छात्र के साथ साथी छात्रों ने की अश्लील हरकतें, 2 नाबालिग छात्रों पर केस

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में जेवर कोतवाली एरिया के एक गांव में 7वी क्लास के छात्र के साथ उसके ही 2 साथी छात्रों द्वारा अश्लील हरकते करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद से छात्र काफी सदमे में जिसके। पीड़ित छात्र के पिता की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार देर शाम केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, जेवर एरिया के एक गांव निवासी शख्स का आरोप है कि, उनका 12 वर्षीय बेटा गांव के ही एक स्कूल में 7वी क्लास का छात्र है। आरोप है कि कई दिन पहले उनके बेटे के ही क्लास के दो छात्रों ने स्कूल के बाहर अश्लील हरकतें की। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी छात्रों ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज करते हुई मारपीट की और इस घटना के बारे में किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। जिस के बाद से पीड़ित छात्र गहरे सदमे में है और इसी कारण उसकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों नाबालिग आरोपी छात्रों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जेवर से लापता युवती का वीडियो वायरल

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र से लापता हुई एक युवती का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। इस वीडियो में युवती ने खुद सामने आकर दावा किया है कि उसने अपनी मर्जी से एक युवक से शादी की है और वह पूरी तरह सुरक्षित है। जानकारी के अनुसार, जेवर क्षेत्र की यह युवती कुछ दिन पहले अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर कोतवाली जेवर में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस युवती की तलाश में जुटी हुई थी। इसी बीच बुधवार को सामने आए वायरल वीडियो में युवती ने अपना नाम बताते हुए कहा कि उसकी उम्र 19 वर्ष है और उसने अपनी इच्छा से विवाह किया है। वीडियो में वह यह भी कहती नजर आ रही है कि उस पर किसी तरह का दबाव नहीं है और उसके परिजन या पुलिस उसकी तलाश न करें। युवती का कहना है कि वह जहां है, वहां खुश और सुरक्षित है। वीडियो के वायरल होते ही यह क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। हालांकि, परिजन वीडियो को लेकर असमंजस में हैं और उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो को संज्ञान में लिया गया है।

# ग्रेटर नोएडा में मनी ट्रांसफर दुकान में चोरी

## छत काटकर घुसे चोर, पुलिस जांच में जुटी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र के गुलिस्तानपुर गांव में चोरों ने एक मनी ट्रांसफर की दुकान को निशाना बनाया। चोरों ने रात के समय दुकान की छत काटकर अंदर प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार, चोरों ने दुकान में रखे मोबाइल फोन और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा, तो उसने छत कटी हुई और सामान बिखरा पड़ा देखा।

दुकानदार ने तुरंत इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सूरजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

इस घटना के बाद स्थानीय दुकानदारों में डर का माहौल है। दुकानदारों का कहना है कि इलाके में रात के समय गश्त बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है और चोरी गए सामान की सही जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

# नोएडा में 12 करोड़ के फ्रॉड में एक गिरफ्तार

## गिरोह देश में 35 करोड़ से ज्यादा कर चुके फ्राड, खाते से संबंधित मिली 37 शिकायत

**नोएडा।** देश में लगभग 35 करोड़ रुपए से ज्यादा और नोएडा में निवेश के नाम पर 12 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में चाइनीज साइबर ठगों से जुड़े एक ठग को साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। इसका नाम सुधाकर गर्ग पुत्र ईश्वर सिंह गर्ग है। इसकी गिरफ्तारी रोहतक हरियाणा से की गई।

दरअसल 3 दिसंबर को आईटी एक्ट में शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 12 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। इस धोखाधड़ी में संदिग्ध बैंक खातों को तत्काल फ्रीज कराया गया था। 5 दिसंबर को इस मामले से जुड़े चार ठगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

इसमें दो लोग मुंबई पुलिस व दो को हैदराबाद पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। सुधाकर गर्ग ने पूछताछ में बताया गया कि उसकी पहचान इंस्टाग्राम के जरिए संदिग्ध व्यक्ति




राशिद खान उर्फ लकी से हुई थी। राशिद खान उर्फ लकी द्वारा उसे जीएसटी फर्म एवं करंट बैंक खाते खुलवाने के लिए बताया। खाता खोलने के बाद उसे मुंबई बुलाया गया। राशिद खान उर्फ लकी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर खुलवाए गए विभिन्न बैंक खातों में साइबर फ्रॉड से प्राप्त धनराशि ट्रांसफर कराता था।

### यूएसडीटी को कंवर्ट करते

धोखाधड़ी में प्रयुक्त बैंक खातों में आई धनराशि के एवज में ठग को 07 से 10 प्रतिशत राशि नकद प्राप्त की जाती थी। जबकि खाताधारक को 01 से 03 प्रतिशत के अनुपात में यूएसडीटी दिया जाता था। इसके बाद ठग यूएसडीटी को BINANCE एवं अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बेचकर, मिली धनराशि को यूपीआई के माध्यम से अपने अन्य बैंक खातों में स्थानांतरित कर लेते है।

### एक साल से लिप्त है

राशिद खान उर्फ लकी एवं उसके अन्य 02 साथियों को इसी प्रकार के अपराधों में पूर्व में मुंबई पुलिस एवं हैदराबाद पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच में यह भी तथ्य सामने आया है कि ठग लगभग एक वर्ष से साइबर अपराधों में संलिप्त है। उसके कुल 05 बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी में किया गया।

### खाते से संबंधित मिली 37 शिकायत

एनसीआरपी पोर्टल पर अब तक इन बैंक खातों के विरुद्ध देश के विभिन्न राज्यों से कुल 37 शिकायतें दर्ज पाई गई हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश (03), दिल्ली (03), हरियाणा (02), जम्मू-कश्मीर (02), कर्नाटक (08), महाराष्ट्र (07), तमिलनाडु (07), उत्तर प्रदेश (03) एवं पश्चिम बंगाल (02) शामिल हैं। घटना में संलिप्त अन्य लोगों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# नोएडा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

## विधायक का घेराव करने पहुंचे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने रोका, सड़क जामकर नारेबाजी की

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के पास जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता तिलपता स्थित भाजपा कार्यालय का घेराव करने जा रहे थे, जिन्हें पुलिस ने बीच में ही रोक दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोक हुई, जिसके बाद कार्यकर्ता सड़क पर ही धरने पर बैठ गए।




जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्ध नगर के अध्यक्ष दीपक भाटी ने बताया कि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में तिलपता चौक से जिला भाजपा कार्यालय की ओर कूच किया। उन्होंने भाजपा कार्यालय के बाहर दादरी रोड पर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लिए हुए थे और लोकतंत्र बचाओ, ईडी-सीबीआई का दुरुपयोग बंद करो, फर्जी मामलों से विपक्ष को दबाया नहीं जा सकता जैसे नारे लगा रहे थे। पुलिस ने कांग्रेसियों को रोकने का प्रयास किया, जिससे दोनों तरफ का यातायात भी बाधित रहा।

प्रदर्शन में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला शुरू से ही राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित था। नरवाल ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी देश की जनता की आवाज उठाते रहे हैं, जिससे घबराकर मोदी सरकार ने ईडी जैसी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया।

उन्होंने कहा कि न्यायालय के निर्णय ने साबित कर दिया है कि सच्चाई कांग्रेस के साथ है। जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्ध नगर के अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा कि मोदी सरकार लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार कर विपक्ष को डराने का काम कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी ऐसे हथकंडों से न तो डरेगी और न ही झुकेगी। भाटी ने चेतावनी दी कि यदि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग बंद नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी देशभर में लोकतंत्र की रक्षा के लिए और भी व्यापक आंदोलन करेगी।

### महिला से मारपीट

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक महिला ने अपने पड़ोस के चार लोगों पर पति के साथ मारपीट करने और खुद के साथ भी मारपीट व छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस कमिश्नर के निर्देश के बाद गुरुवार को चारों आरोपियों मोंटी, सोनू, ऋषभ और बॉबी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि यह घटना 10 दिसंबर की रात की है। उसका पति एक बारात से लौट रहा था, तभी पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने उसे रास्ते में घेर लिया और मारपीट की। जब महिला पति को बचाने के लिए मौके पर पहुंची, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान महिला के कपड़े फाड़ दिए गए और उसके साथ अभद्रता व छेड़छाड़ की गई। पीड़िता का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद पुलिस को सूचना दी गई थी। हालांकि, स्थानीय पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बजाय केवल शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई की।

# ग्रेटर नोएडा में नीतीश कुमार का पुतला फूंकने की कोशिश

## दो युवक हिरासत में, हिजाब विवाद पर प्रदर्शन

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के उस्मानपुर गांव में शुक्रवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला फूंकने का प्रयास किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पुतला जब्त कर लिया और दो युवकों को हिरासत में ले लिया। यह प्रदर्शन कथित तौर पर एक मुस्लिम महिला का हिजाब खींचे जाने की घटना के विरोध में किया जा रहा था। पुलिस ने हिरासत में लिए गए युवकों की पहचान अलाउद्दीन और शाहरुख के रूप में की है, जो उस्मानपुर गांव के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, ये युवक गांव में इकट्ठा होकर नारेबाजी कर रहे थे और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारी में थे। पुतला जलाने का प्रयास शुरू होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुतला जब्त कर लिया और दोनों को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह विरोध हाल ही में एक मुस्लिम महिला का हिजाब खींचे जाने की घटना के खिलाफ था। उन्होंने उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के खिलाफ भी नारेबाजी की, जिन्होंने नीतीश कुमार का समर्थन करते हुए बयान जारी किया था। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि इस घटना से मुस्लिम समुदाय में आक्रोश है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी तरह की अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि हिरासत में लिए गए दोनों युवकों से पूछताछ जारी है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि गांव में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और किसी भी अप्रिय घटना या अफवाह को रोकने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# नोएडा के बिसाहड़ा कांड में 23 दिसंबर को अगली सुनवाई

## सितंबर में अखलाक की पीट-पीट कर हत्या की गई, सरकार ने मुकदमा वापस लेने की अर्जी दी

**नोएडा।** नोएडा के बिसाहड़ा कांड मामले में सरकार की ओर से मुकदमा वापस लेने की अर्जी पर अब 23 दिसंबर को सुनवाई होगी। शासन और संयुक्त निदेशक अभियोजन के आदेश के बाद सहायक जिला शासकीय वकील (फौजदारी) ने अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल किया है, जिसमें सामाजिक सद्भाव की बहाली को देखते हुए मुकदमा वापस लेने का आदेश पारित करने की अनुमति मांगी गई है।

इससे पहले 12 दिसंबर को हुई सुनवाई में अभियोजन पक्ष ने समय मांगा था। जिसके बाद आज की तारीख दी गई थी। ऐसे में कोर्ट में दोपहर बाद सुनवाई की जाएगी। उत्तर प्रदेश शासन के न्याय अनुभाग-5 (फौजदारी) लखनऊ द्वारा 26 अगस्त 2025 को जारी शासनादेश के अनुसार इस मुकदमे को वापस लेने का निर्णय लिया गया था।

संयुक्त निदेशक अभियोजन गौतमबुद्धनगर ने 12 सितंबर 2025 को पत्र जारी करते हुए जिला शासकीय वकील (फौजदारी) गौतमबुद्धनगर को इस संबंध में कार्रवाई के निर्देश दिए थे। पत्र में कहा गया था कि राज्यपाल महोदया द्वारा अभियोजन वापसी की अनुमति प्रदान कर दी गई है। यह कार्रवाई दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-321 के तहत की गई है। इसके बाद 15 अक्टूबर को अर्जी दाखिल की गई थी।

### क्या था मामला?

28 सितंबर 2015 की रात थाना जारचा क्षेत्र के गांव बिसाहड़ा में गोमांस सेवन की अफवाह फैलते ही भीड़ ने एक घर पर हमला कर दिया था। इस दौरान गांव निवासी अखलाक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जबकि उसका बेटा दानिश गंभीर रूप से घायल हो गया था। यह घटना पूरे देश में सांप्रदायिक तनाव का कारण बनी और बिसाहड़ा गांव राष्ट्रीय सुर्खियों में आ गया। मामले में अखलाक की पत्नी इकरामन ने दस लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

प्राथमिकी में बताया गया था कि आरोपी लाठी-डंडे और तमंचे लेकर घर में घुस आए और हमला किया। जांच के दौरान पुलिस ने धारा 147, 148, 149, 307, 302, 323, 504, 506, 427, 458 भादंवि और 7 क्रिमिनल लॉ एक्ट के तहत केस दर्ज किया था।

विवेचना में चश्मदीद गवाहों पत्नी इकरामन, मां असगरी, बेटी शाहिस्ता और बेटा दानिश के बयान दर्ज किए गए थे। शुरुआती बयानों में 10 आरोपियों के नाम थे, लेकिन बाद के बयानों में गवाहों ने अन्य 16 नाम और जोड़ दिए।

### सभी आरोपी जमानत पर है बाहर

अखलाक की बेटी शाहिस्ता के 26 नवंबर 2015 के बयान (धारा 164 सीआरपीसी) में 16 आरोपियों का जिक्र किया गया, जबकि 5 दिसंबर-2012 को दानिश ने 19 लोगों के नाम बताए। विवेचक ने 22 दिसंबर 2015 को 18 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। अभी सभी आरोपी जमानत पर रिहा हैं। केस साक्ष्य चरण में लंबित है।

# ग्रेटर नोएडा में रजवाहे से मिला युवती का शव

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में सक्का गांव के पास गुरुवार शाम एक रजवाहे से लगभग 25 वर्षीय युवती का शव बरामद हुआ। ग्रामीणों ने पुल के नीचे रजवाहे में शव अटका देखा, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। दनकौर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को रजवाहे से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मृतक महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। अनुमान है कि महिला की उम्र करीब 25 वर्ष है। उसके पहनावे को देखकर पुलिस को आशंका है कि वह शादीशुदा हो सकती है। पुलिस का कहना है कि शव लगभग 10 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि मौत कई दिन पहले हुई होगी।

# नोएडा में डीएम ने रैन बसेरों का किया निरीक्षण

## लोगों से बात कर जाना हाल, कंबल, साफ पानी और भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश

**गौतम बुद्ध नगर।** शीत लहर के मद्देनजर गौतम बुद्ध नगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बुधवार रात ग्रेटर नोएडा के रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सामुदायिक केंद्र सेक्टर डेल्टा-2 और परी चौक वर्क सर्किल-4 स्थित रैन बसेरों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।




निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रैन बसेरों में ठहरे लोगों से सीधा संवाद किया। उन्होंने उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक व्यक्ति को बिस्तर, कंबल, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा सहित सभी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से मिलें।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शीत लहर के दौरान कोई भी व्यक्ति खुले में न सोए। उन्होंने चारपाई या तख्त पर गद्दे बिछाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने, चादरों और कंबलों को साफ रखने तथा शौचालयों और पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने को कहा। साथ ही, बेघर लोगों को ठंड से बचाने के लिए रैन बसेरों की जानकारी जरूरतमंदों तक पहुंचाने और खुले में रहने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर रैन बसेरों तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने रैन बसेरों के आसपास अलाव की व्यवस्था की जानकारी ली और निर्देश दिए कि ठंड से बचाव के लिए अलाव नियमित रूप से जलाए जाएं। इसके लिए पर्याप्त ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रैन बसेरों और आसपास की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया, ताकि शीत ऋतु में किसी को असुविधा न हो और उन्हें सुरक्षित, स्वच्छ एवं सम्मानजनक आश्रय मिल सके।

# चीनी मिल मरम्मत में करोड़ों के दुरुपयोग पर गिरी गाज

## बीसलपुर सहकारी चीनी मिल के दो अधिकारी निलंबित

**बीसलपुर।** बीसलपुर सहकारी चीनी मिल की मरम्मत के लिए शासन से मिले करोड़ों रुपये के कथित दुरुपयोग का मामला सामने आने के बाद बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। चालू पेराई सत्र के दौरान बार-बार मिल बंद होने और गन्ना किसानों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए मिल के चीफ केमिस्ट और चीफ इंजीनियर को निलंबित कर दिया गया है।





लगातार तकनीकी खराबियों के चलते चीनी मिल बंद रहने से किसानों का गन्ना कई-कई दिन तक तौल नहीं हो पा रहा था। कड़ाके की ठंड में किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। किसानों ने इसकी शिकायत सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद से की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए सांसद जितिन प्रसाद ने प्रमुख सचिव, गन्ना एवं चीनी मिलें, उत्तर प्रदेश शासन तथा जिलाधिकारी पीलीभीत को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जांच के उपरांत प्रथम दृष्टया लापरवाही और अनियमितता पाए जाने पर चीफ केमिस्ट और चीफ इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया गया। वहीं चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक और सीसीओ के विरुद्ध जांच अभी जारी है। कार्रवाई के बाद गन्ना किसानों में संतोष देखा गया। किसानों ने मिल और किसानों के हित में की गई इस कार्रवाई के लिए सांसद जितिन प्रसाद का आभार व्यक्त करते हुए इसे निष्पक्ष और न्यायोचित कदम बताया है।

## कानपुर में 372 क्विंटल मिलावटी भुना चना बरामद

**कानपुर।** कानपुर में खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन की टीम ने ऑरामाइन-ह नामक खतरनाक डाई मिला 372 क्विंटल भुना चना जब्त किया है। बुधवार को टीम ने बाबा बैजनाथ ट्रेडर्स बिनगवां में छापा मारा था। इसकी अनुमानित कीमत करीब 33 लाख है। टीम ने सैंपल जांच के लिए भेजे हैं। चने में मिलाई गई ये डाई चने को चमकीला और आकर्षक बना देती है, जिससे वे देखने में अच्छे और खाने में ज्यादा कुरकुरे लगते हैं। एक्सपर्ट बताते हैं कि ऐसे चने खाने से कैंसर का खतरा बढ़ता है। आगाह किया कि यह सिर्फ मिलावट नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की सेहत से खिलवाड़ है। राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी इस मामले पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को एक पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि भुने चनों में ऑरामाइन-O जैसी इंडस्ट्रियल डाई की मिलावट सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा है। इस पर तत्काल सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

# हाईवे पर वाहन ने तेंदुए के शावक को रौंदा, चालक मौके से फरार

**पीलीभीत।** पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर गजरौला कला से पीलीभीत की ओर जाते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक तेंदुए के शावक को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि शावक को वाहन ने रौंद डाला और चालक बिना रुके मौके से फरार हो गया। हादसा हाईवे किनारे हुआ, जहां शावक लहूलुहान अवस्था में मृत पाया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई।

सूचना पाकर वन विभाग को अवगत कराया गया, वहीं पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वन विभाग की टीम ने शावक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस हाईवे से सटे वन क्षेत्र के कारण आए दिन वन्यजीव सड़क पार करते हैं, लेकिन तेज रफ्तार वाहनों और सुरक्षा



इंतजामों की कमी के चलते लगातार हादसे हो रहे हैं। कई बार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद न तो चेतावनी संकेतक लगाए गए हैं और न ही गति नियंत्रण के प्रभावी उपाय किए गए हैं।

ग्रामीणों ने मांग की है कि हाईवे पर स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड और वन्यजीवों की सुरक्षित आवाजाही के लिए ठोस व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है, जबकि वन विभाग पूरे मामले की जांच कर रहा है।

## शार्ट न्यूज

### शादी के तीन साल बाद विवाहिता से मारपीट, दूसरी महिला से संबंध का आरोप, ससुराल से निकाला

बीसलपुर। शादी के तीन साल बाद विवाहिता के साथ मारपीट कर उसे ससुराल से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पति पर गांव की ही एक अन्य महिला से अवैध संबंध रखने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव इटौरिया ता. बिहारीपुर निवासी गनपत राम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी तीन वर्ष पूर्व दियोरिया थाना क्षेत्र के गांव गुलड़िया राधे निवासी जगदीश प्रसाद के पुत्र प्रदीप कुमार के साथ हिंदू रीति-रिवाज से की थी। शादी में उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था। शुरुआत में सब कुछ ठीक रहा, लेकिन बाद में पता चला कि पति के गांव की ही एक महिला से संबंध हैं। इसका विरोध करने पर ससुराल पक्ष—ससुर, सास, जेठ और जेठानी ने मिलकर विवाहिता के साथ मारपीट की। आरोप है कि बाद में पति ने पत्नी को मायके छोड़ दिया। पीड़िता ने अपने पिता के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक गौतम सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच की जा रही है।

### बहला-फुसलाकर युवती को भगाने का आरोप

#### नकदी व जेवर ले जाने की शिकायत पर एक दर्जन लोगों पर मुकदमा

**बीसलपुर।** बहला-फुसलाकर एक युवती को भगाने और उसके साथ 45 हजार रुपये की नकदी व लाखों रुपये के जेवर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एक दर्जन नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीसलपुर के एक मोहल्ला निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 22 वर्षीय बहन को वसीम, इरशाद, दिलशाद, आमिर, मुमताज, वसीम की मां, अमन, रौनक निवासी खटीमा (ऊधम सिंह नगर), इशरत, महक, हनीफ और रिफा निवासी बीसलपुर ने मिलकर बहला-फुसलाकर भगा लिया।पीड़ित का आरोप है कि युवती अपने साथ घर में रखे 45 हजार रुपये नकद और लाखों रुपये के जेवर भी ले गई है। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया।पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कोहरे के कारण बढ़ीं सड़क दुर्घटनाएं, वाहनों पर लगाएं रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप



**ललितपुर।** यातायात द्वारा कोहरे आदि के दृष्टिगत रखते हुए, व्यावसायिक वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप, फाग लाइट, बैक लाइट आदि की जांच की गई व सुरक्षित यात्रा हेतु लेन ड्राइविंग, हाई बीम लो बीम के उचित प्रयोग के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से कोहरे आदि के दृष्टि गत वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप, फाग लाइट, बैक लाइट आदि के क्रियाशीलता की जांच की गई व सुरक्षित यात्रा हेतु लेन ड्राइविंग, हाई बीम, लो बीम के उचित प्रयोग के बारे में जागरूक किया गया।

### मेरठ के मॉल में फिल्म शो के दौरान भगदड़

**सरधना।** मेरठ के मेडिकल थानाक्षेत्र के मॉल में बुधवार देर रात धुरंधर फिल्म के शो के दौरान अचानक फायर अलार्म बजने से हड़कंप मच गया। अंदर मूवी का शो चल रहा था, तभी हॉल का फायर अलार्म बज उठा। फायर अलार्म को सुनते ही दर्शक परेशान हो गए। दर्शक आनन फानन में मॉल से बाहर निकल आए। यह घटना रात 8: 45 बजे वाले शो के इंटरवल के बाद लगभग 12 बजे हुई। सभी दर्शक गेट खोलकर मॉल से बाहर निकल गए। मॉल के सुरक्षा गार्डों ने स्थिति को संभाला और दर्शकों को शांत किया। जांच में सामने आया कि किसी व्यक्ति के बाथरूम के अंदर सिगरेट पीने के कारण फायर अलार्म बज उठा था। इस घटना से कुछ महिलाएं काफी डर गईं और दोबारा हॉल के अंदर जाने को तैयार नहीं हुईं। कई दर्शक बिना फिल्म पूरी देखे ही अपने घर लौट गए। जैसे ही फायर अलार्म बजा दर्शक हड़बड़ा गए, शो को तुरंत बंद करना पड़ा। सिक्योरिटी गार्ड्स ने तुरंत आग कहां से लगी चैक किया। चैकिंग में पता चला कि किसी दर्शक ने वॉशरूम में स्मोकिंग करना शुरू कर दिया था। सिगरेट के धुएं की वजह से फायर अलार्म बज गया। हड़कंप मच गया।

### पूर्व विधायक दीपनारायण यादव ने किया सरेंडर

**झांसी।** झांसी में सपा के पूर्व विधायक दीपनारायण यादव ने गुरुवार सुबह कोर्ट में सरेंडर कर दिया। वह डकैती एवं रंगदारी के एक केस में 27 दिन से फरार थे। पुलिस उनको गिरफ्तार करने के लिए सख्त पहरा लगाए थी। लेकिन उसे भनक तक नहीं लगी। पुलिस कुछ जान पाती, इसके पहले उन्होंने कोर्ट खुलते ही जज के सामने सरेंडर कर दिया। वकीलों ने बताया- कोर्ट खुलने से पहले ही सुबह लगभग 9: 45 बजे पूर्व विधायक बुलेट बाइक से कोर्ट पहुंचे। वे हेलमेट और मुंह पर मास्क लगाए थे। तब पुलिस का इतना सख्त पहरा नहीं था। यहां पहुंचते ही वकीलों ने उनको घेर लिया और सीधे अपर सत्र न्यायाधीश एवं एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश जितेंद्र यादव की कोर्ट में ले गए। यहां उनके वकील जाहिद मंसूरी और मनीष यादव ने सरेंडर की अर्जी दाखिल की। जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर ली। दोपहर लगभग दो बजे कोर्ट ने पूर्व विधायक दीपनारायण यादव को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसके बाद उनको जेल भेज दिया। आरोपों पर पूर्व विधायक दीपनारायण यादव ने कहा- आप खुद जांच कर लीजिए, सब पता चल जाएगा।

# बकरी चराने गई नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोप, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में बकरी चराने गई 12 वर्षीय नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने थाना पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि बुधवार सुबह करीब 11 बजे उसकी पुत्री गांव के बाहर बकरियां चराने गई थी।

इसी दौरान गांव का ही युवक सलमान पुत्र नन्हे शाह नाबालिग को बुरी नीयत से पकड़कर गन्ने के खेत की ओर ले जाने लगा। पीड़िता द्वारा शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। महिला का आरोप है कि जब वह घटना की शिकायत करने आरोपी के घर पहुंची तो उसके पिता व मां ने गंदी-गंदी गालियां देते हुए उसे भगा दिया और दोबारा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

पीड़िता की मां ने यह भी बताया कि इससे पहले भी आरोपी उसकी नाबालिग पुत्री का पीछा कर चुका है, जिससे परिवार में भय का माहौल बना हुआ था। इस संबंध में थाना पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सहारनपुर में कॉलेज बंक करने पर प्रेमी-प्रेमिका की कराई शादी

**सहारनपुर।** सहारनपुर में एक प्रेमी-प्रेमिका कॉलेज बंक कर घूमने चले गए। देर शाम तक युवती घर नहीं लौटी तो परिजन उसकी तलाश में जुट गए। इसी बीच शाम को युवक युवती को उसके गांव छोड़ने पहुंचा। गांव वालों की नजर पड़ते ही युवक को पकड़ लिया गया। पूछताछ में युवक और युवती के बीच प्रेम संबंध होने की बात सामने आई। इसके बाद ग्रामीणों ने युवक के परिजनों को भी मौके पर बुला लिया। दोनों पक्षों के पहुंचने पर गांव में पंचायत बैठाई गई। पंचायत में प्रेमी-प्रेमिका की शादी कराने का फैसला लिया गया।

# घटतौली और अवैध वसूली का खुलासा, गन्ना क्रय केंद्र प्रभारी व सुपरवाइजर पर मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर।** दियोरिया कला स्थित गन्ना क्रय केंद्र पर घटतौली और अवैध वसूली के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।

गन्ना सचिव की तहरीर पर क्रय केंद्र प्रभारी और गन्ना सुपरवाइजर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।बताया गया कि गत दिवस शाम को विधायक विवेक वर्मा ने एलएच शुगर फैक्ट्री पीलीभीत के दियोरिया कला ए गन्ना क्रय केंद्र का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान घटतौली और अवैध वसूली की शिकायत सामने आई। सहकारी गन्ना समिति बीसलपुर के सचिव राजेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि निरीक्षण के समय तौल लिपिक कमल कुमार की तैनाती केंद्र पर थी।

जांच के दौरान कांटा बाट माप कराने को कहा गया, लेकिन सहयोग नहीं किया गया। मौके पर धर्मकांटे की रसीदें मिलीं, जिससे पता चला कि गन्ने की तौल धर्मकांटे पर कर कटौती के बाद पर्ची बनाई जा रही थी।

किसान उस्मान खान के गन्ने की रसीद में 32.80 कुंटल वजन दर्ज था, जबकि पर्ची पर 31.70 कुंटल अंकित मिला।

मौके से 14 धर्मकांटा पर्चियां बरामद हुईं। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि गन्ना अनलोडिंग के नाम पर 100 रुपये प्रति ट्रॉली वसूले जा रहे थे।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने तौल लिपिक कमल कुमार और गन्ना सुपरवाइजर चिंता राम वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक गौतम सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

# जनपद में एआरटीओ का विशेष चेकिंग अभियान, 21 वाहनों पर चालान

**पीलीभीत।** एआरटीओ वीरेंद्र सिंह के निर्देशन में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में एक विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान मार्ग से गुजर रहे यात्री एवं माल वाहनों की सघन जांच की गई।चेकिंग के दौरान जायरीन को लेकर जा रही स्लीपर बसों की जांच में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।



जांच में पाया गया कि दो बसों में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाई गई थीं। वहीं, दो अन्य बसों में तय सीट क्षमता से अधिक सीटें लगाई गई थीं। इसके अलावा तीन बसें परमिट शर्तों का उल्लंघन करते हुए संचालित पाई गईं। इन सभी सात बसों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई।इसके साथ ही मार्ग पर गन्ना ले जा रहे माल वाहनों की भी जांच की गई। जांच में 14 ऐसे माल वाहन पाए गए, जिनके पीछे सुरक्षा मानकों के अनुरूप रिफ्लेक्टर टेप एवं लाल कपड़ा नहीं लगाया गया था। इन सभी 14 माल वाहनों के विरुद्ध भी चालान की कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान एआरटीओ वीरेंद्र सिंह एवं यात्रीकर अधिकारी बर्डिस चतुर्वेदी ने वाहन चालकों को एकत्रित कर कोहरे के मौसम में सुरक्षित परिवहन को लेकर जागरूक किया। अधिकारियों ने चालकों से अपील की कि कोहरे में अत्यधिक सावधानी बरतते हुए वाहन चलाएं, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

## शीतलहर के चलते स्कूलों का समय बदला

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर में बढ़ती शीतलहर और तापमान में गिरावट के मद्देनजर जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जनपद में नर्सरी से कक्षा 8 तक संचालित सभी सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों के खुलने का समय बदल दिया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। नए आदेश के अनुसार, अब नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी स्कूल सुबह 9 बजे के बजाय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित होंगे। यह बदलाव बच्चों को अत्यधिक ठंड से बचाने के उद्देश्य से किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहर के कारण छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है, जिसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि सामान्यत: उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों का समय 1 अक्टूबर से 31 मार्च तक सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है। हालांकि, जिलाधिकारी मीरजापुर के 18 दिसंबर 2025 के आदेश के अनुपालन में यह अस्थायी परिवर्तन किया गया है।

# कोहरे को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**ललितपुर।** सर्दी और कोहरे के मौसम में सुरक्षित यात्रा हेतु यातायात पुलिस ललितपुर की सभी वाहन चालकों के लिए विशेष यातायात एडवाइजरी। गति एवं सुरक्षित ड्राइविंग सड़क पर निर्धारित गति में ही वाहन चलाएं।

यातायात संकेतों को दृष्टिगत रखते हुए ब्लैक स्पॉट/दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतें। अपनी लेन में ही वाहन चलाएं( एक्सप्रेसवे पर भारी वाहन/कंटेनर अपने बाएं, हल्के मध्यम वाहन मध्य में व ओवरटेक करने वाले वाहन दाहिने से) राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहन सदैव अपने बाईं लेन में ही चलाएं ओवरटेक सदैव दाहिने से और सुरक्षित तरीके से करें। ओवरटेक करने से 100 मीटर पहले इंडिकेटर अवश्य दें। विपरीत दिशा में वाहन न चलाएं, ये स्वयं के साथ साथ अन्य वाहन चालकों के लिए भी खतरनाक है।नींद, थकान व नशे की हालत में वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन/इयरफोन का प्रयोग न करें। वाहन की लाइट लो बीम पर रखें।

दृश्यता अत्यधिक कम होने की स्थित में लेन मार्किंग (सफेद पट्टी) के सहारे वाहन चलाएं। फाग लाइट और डीफागर का प्रयोग करें।

# साइबर क्राइम को लेकर हुई जागरूकता कार्यशाला

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, जनपद ललितपुर के सभी थानों पर स्थापित साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में जनता के लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया। जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई। डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया ।किसी भी अनजान लिंक



पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें । किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे शेयर न करें , अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें । कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें । सभी प्रकार के ईलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें । साइबर फ्राड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, NCCRP पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें, जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में सम्बं।

# शहजाद पुल पर आवागमन की समस्या को लेकर गंभीर दिखे जिलाधिकारी

### मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से की वार्ता, अधिकारियों को रुट डायर्वजन कर आवागमन सुचारु करने के दिये निर्देश

**ललितपुर।** शहर के आजादचौक-कैलगुवॉ मार्ग पर शहजाद नदी के निर्माणाधीन पुल पर सर्विस मार्ग न होने के कारण आमजन को आवागमन में हो रही परेशानियों के दृष्टिगत गुरुवार को जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को रुट डायवर्जन के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने मौके पर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया और लोगों को भरोसा दिलाया कि उन्हें अब आवागमन हेतु परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर व यातायात प्रभारी को निर्देश दिये कि पुल के समीप स्थित



दूसरे पुल को बाइक, ऑटो व टैक्सी के लिए उपयोग में लाया जाए, ताकि आमजन व स्कूली बच्चों को आवागमन में कोई परेशानी न हो, परन्तु 4 व्हीलर का रुट पूर्व निर्धारित ही रहेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि यदि रास्ते में अतिक्रमण की स्थिति हो तो उसे तत्काल हटवाया जाए । जिलाधिकारी द्वारा कार्यस्थल पर उपस्थित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्य के दौरान यातायात की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए एवं अस्थायी मार्ग पर मोटर साईकिलों आदि वाहनों के आवागमन हेतु समुचित स्लोप आदि बनाया जाए।मौके पर कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0 के अधिकारियों ने अवगत कराया कि इस सेतु का निर्माण इसी माह प्रारंभ हुआ है, 96 मी0 लम्बाई वाले इस कार्य की स्वीकृत लागत 1101.67 लाख है, जिसका निर्माण जून 2027 में पूर्ण होने की संभावना है। वर्तमान में पूर्व निर्मित रपटे को तोड़ने का कार्य प्रगति में है। साथ ही निर्देशित किया गया कि कार्य को किसी भी परिस्थिति में लक्षित समय में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

## कानपुर में हनी ट्रैप में फंसाकर 2.50 करोड़ की ठगी

**कानपुर।** कानपुर के एक कारोबारी को लड़की ने हनीट्रैप में फंसा लिया। उसने कहा- मैं एक सफल विजनेस वुमेन हूं। मैं ट्रेडिंग से हर महीने लाखों रुपए कमाती हूं। तुम मेरे साथ जुड़कर काम करो तो मैं तुम्हें डबल मुनाफा दूंगी। फिर लड़की ने कारोबारी से अलग-अलग कंपनियों में करीब 2.50 करोड़ का निवेश कराया। कारोबारी ने जब ऑनलाइन चेक किया तो उसके अकाउंट में फायदा दिखाई दिया। जब उसने पैसे निकालने का प्रयास किया तो पैसे नहीं निकले। तब उसे पता चला कि उसके साथ ठगी हुई है। उसने पैसे मांगे तो लड़की ने उसके परिवार के एआई से अश्लील वीडियो बना लिए। ये वीडियो लड़की और उसके साथियों ने कारोबारी के रिश्तेदारों को भेज दिए।

# 11 मोबाइल खोजकर उनके स्वामियों को लौटाए

**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने तीन लाख 25 हजार रुपये कीमत के गुम हुए 11 मोबाइल खोज उनके मालिकों को लौटाए हैं। गुम मोबाइल दोबारा से पाकर उनके चेहरे खिल उठे। कई मोबाइल धारकों को अपने मोबाइल फोन के दोबारा से मिल जाने का यकीन नहीं था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने बताया कि गुम हुए मोबाइल के स्वामियों ने उनके समक्ष व ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद से कोतवाली साइबर क्राइम टीम लगातार गुमशुदा मोबाइल की तलाश में जुटी हुई थी। साइबर क्राइम टीम ने गुम हुए 11 मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर श्री अजय कुमार के पर्यवेक्षण में



कोतवाली ललितपुर पर जनसुनवाई/पोर्टल पर गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी । कोतवाली ललितपुर पुलिस की साइबर क्राइम पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित CEIR पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड कर सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 11 गिरे हुए / खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया । पीड़ितों के मोबाइल फोन उन्हें वापस मिलने पर , उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक , ललितपुर व कोतवाली ललितपुर पुलिस की भूरि - भूरि प्रशंसा की गयी ।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश के दूतावास में मनाया गया विजय दिवस, उच्चायुक्त बोले- भारत के साथ संबंध लाभकारी

**ढाका, एजेंसी।** दिल्ली में बांग्लादेश के दूतावास में विजय दिवस एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। बांग्लादेशी उच्चायुक्त एम रियाज हमीदुल्लाह ने बांग्लादेश की जनता, खासकर युवाओं, की आकांक्षाओं को पूरा करने के प्रति देश की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। हमीदुल्लाह ने कहा कि बांग्लादेश और भारत का आपसी संबंध लाभकारी है, जो समृद्धि, शांति और क्षेत्रीय सुरक्षा पर केंद्रित है। उन्होंने दोनों देशों की साझेदारी को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, पूरा बांग्लादेश और हम सभी अपनी जनता, खासकर युवा पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी आबादी बहुत युवा है... हम मानते हैं कि भारत के साथ हमारा संबंध हमारे साझा हित में है। हमारे बीच आपसी निर्भरता है... हम क्षेत्र में समृद्धि, शांति और सुरक्षा पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। कार्यक्रम में बांग्लादेश की समृद्ध संस्कृति और विरासत को दिखाया गया और इसके स्वतंत्रता संग्राम और आजादी का जश्न मनाया गया।

### गाजा में मूसलाधार बारिश जारी, विस्थापित परिवारों पर टूटा कहर

**गाजा , एजेंसी।** गाजा में कई दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश के बाद हालात बेहद खराब हो गए हैं। भारी बारिश से विस्थापितों के शिविर जलमग्न हो गए, पहले से क्षतिग्रस्त इमारतें ढह गईं और कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो सप्ताह का एक नवजात भी शामिल है, जिसकी ठंड लगने से मौत हुई। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बच्चे को कुछ दिन पहले अस्पताल लाया गया था और आईसीयू में भर्ती किया गया, लेकिन सोमवार को उसकी मौत हो गई। गाजा सिटी में एक और व्यक्ति की जान तब चली गई, जब बारिश के कारण इस्राइली हमलों में क्षतिग्रस्त एक घर गिर गया। बीते एक हफ्ते में कुछ इलाकों में 150 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश दर्ज की गई, जिससे कच्चे रास्ते कीचड़ में बदल गए और तंबुओं में पानी भर गया। आपातकर्मियों ने लोगों से क्षतिग्रस्त इमारतों से दूर रहने की अपील की है, लेकिन गाजा में सुरक्षित ठिकानों की भारी कमी है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार लगभग 80 प्रतिशत इमारतें नष्ट या क्षतिग्रस्त हैं। दो महीने से जारी युद्धविराम के बावजूद राहत सामग्री पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पा रही है। अधिकतर लोग समुद्र तट के पास तंबुओं में या टूटी इमारतों के बीच रह रहे हैं, जहां जल निकासी की व्यवस्था नहीं है। इस्राइली एजेंसी कोगाट ने दावा किया कि लाखों टेंट और सर्दियों का सामान भेजा गया है, लेकिन राहत संगठनों का कहना है कि जरूरत के मुकाबले मदद बहुत कम है और ठंड से बचाव के साधन बेहद अपर्याप्त हैं।

### पाकिस्तान के सिंध में बंदूकधारियों ने 18 बस यात्री अगवा कर लिए

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों ने बस में क्वेटा जा रहा 18 यात्रियों को अगवा कर लिया। घटना सोमवार रात घोटकी के पास घटी, जब हमलावरों ने सिंध-पंजाब सीमा के करीब हाईवे लिंक रोड पर बस पर गोलियां चलाईं। गोलीबारी में चालक व कुछ यात्री घायल हो गए। एक महिला यात्री ने बताया कि घटनास्थल पर कुल 18 से 20 हमलावर मौजूद थे, सभी हथियारबंद थे और उनके चेहरे ढके हुए थे। उन्होंने महिला यात्रियों को कोई क्षति नहीं पहुंचाई।

### पाकिस्तान में पोलियो टीम पर हमला, पुलिसकर्मी की हुई हत्या

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो टीकाकरण अभियान से जुड़े सुरक्षा कर्मियों पर एक और घातक हमला सामने आया है। मंगलवार को लक्की मरवत जिले के छवार खेल इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों ने मोटरसाइकिल से आकर एक पुलिस कांस्टेबल और उसके भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, कांस्टेबल पोलियो टीकाकरण टीम के साथ ड्यूटी पूरी करने के बाद अपने भाई के साथ गांव लौट रहा था, तभी रास्ते में हमलावरों ने फायरिंग कर दी। इस हमले में कांस्टेबल अमीर नवाज और उसके भाई अमीर मोहम्मद की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों पूर्व जिला पार्षद अली गुल के भाई बताए गए हैं। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और पूरे इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया। शाम को दोनों मृतकों की जनाजे की नमाज अदा की गई, जिसमें जिला पुलिस अधिकारी नजीर खान, डिप्टी कमिश्नर हमीदुल्लाह खान, एसपी जांच मुराद अली खान समेत कई वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। इससे पहले इसी दिन बाजौर जिले में भी पोलियो ड्यूटी पर तैनात एक अन्य पुलिस कांस्टेबल और एक राहगीर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। लगातार हो रहे इन हमलों ने पाकिस्तान में पोलियो टीकाकरण अभियान की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता खड़ी कर दी है।

# राष्ट्रपति ट्रंप ने 20 और देशों पर अमेरिकी यात्रा प्रतिबंध बढ़ाया

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यात्रा प्रतिबंधों को और सख्त करने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत 20 और देशों के साथ-साथ फिलिस्तीनी अथॉरिटी को भी प्रतिबंध सूची में जोड़ दिया गया है। इस कदम से अमेरिका आने या इमिग्रेट करने वालों पर लगाई गई सीमाएं काफी बढ़ गई हैं। अब कुल पांच देशों पर अमेरिका में प्रवेश का पूरी तरह प्रतिबंध है। वहीं 15 देशों के नागरिकों पर आंशिक रोक लगाई गई है। प्रशासन ने फिलिस्तीनी अथॉरिटी द्वारा जारी यात्रा दस्तावेजों का उपयोग करने वाले लोगों की यात्रा पर भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह कदम अमेरिका में प्रवेश से जुड़े नियमों को और कड़ा करने के लिए उठाया गया है। सरकार का कहना है कि यह फैसला सुरक्षा चिंताओं से जुड़ा है। अधिकारियों ने हाल ही में व्हाइट हाउस के पास दो नेशनल गार्ड जवानों पर गोलीबारी के आरोपी एक अफगान नागरिक की गिरफ्तारी का भी हवाला दिया।हालांकि, इन प्रतिबंधों में कुछ छूट भी दी गई है। जिन लोगों के पास पहले से वैध



अमेरिकी वीजा है, उन पर यह रोक लागू नहीं होगी। स्थायी निवास की अनुमति वाले लोग, राजनयिक, खिलाड़ी और कुछ अन्य श्रेणियों के वीज़ा धारक भी इससे बाहर रखे गए हैं। अगर किसी व्यक्ति का प्रवेश अमेरिका के हित में माना गया, तो उसे अनुमति मिल सकती है। सरकार ने यह नहीं बताया है कि ये नए नियम कब से लागू होंगे।

ट्रंप ने पहली बार ऐसे यात्रा प्रतिबंध जून में लगाए थे। तब 12 देशों के नागरिकों को अमेरिका में प्रवेश से पूरी तरह रोका गया था और सात देशों पर आंशिक पाबंदी लगाई गई थी। यह नीति ट्रंप के पहले कार्यकाल की चर्चित नीति की याद दिलाती है। जून के प्रतिबंध में अफगानिस्तान, म्यांमार, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन शामिल थे। बुरुंडी, क्यूबा, ??लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला पर आंशिक प्रतिबंध लगाए गए थे। मंगलवार को, प्रशासन ने बुर्किना फासो, माली, नाइजर, दक्षिण सूडान और सीरिया को पूर्ण-प्रतिबंध सूची में जोड़ा। फ़िलिस्तीनी अथॉरिटी के दस्तावेजों पर भी पूरी रोक लगा दी गई है। दक्षिण सूडान पहले से ही कड़े प्रतिबंधों में था। आंशिक प्रतिबंध की सूची में 15 नए देश जोड़े गए हैं। इनमें अंगोला, एंटीगुआ और बारबुडा, बेनिन, आइवरी कोस्ट, डोमिनिका, गैबॉन, गाम्बिया, मलावी, मॉरिटानिया, नाइजीरिया, सेनेगल, तंज़ानिया, टोंगा, ज़ाम्बिया और जिम्बाब्वे शामिल हैं।

ये प्रतिबंध घूमने आने वाले लोगों और स्थायी रूप से बसने की कोशिश करने वालों, दोनों पर लागू होंगे।

अपने आदेश में ट्रंप ने कहा कि इन देशों में भ्रष्टाचार फैला हुआ है, सरकारी दस्तावेज अविश्वसनीय हैं और अपराध से जुड़े रिकॉर्ड ठीक से उपलब्ध नहीं हैं। इससे यात्रियों की सही जांच करना मुश्किल हो जाता है। सरकार ने यह भी कहा कि कई देशों के नागरिक वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी अमेरिका में रुक जाते हैं और कुछ देश अपने नागरिकों को वापस लेने से इनकार कर देते हैं। सरकार ने यह भी कहा कि कुछ देशों में अस्थिरता और कमजोर शासन व्यवस्था है, जिससे सुरक्षा, विदेश नीति और आव्रजन से जुड़े खतरे बढ़ते हैं। इस बीच, लाओस और सिएरा लियोन को आंशिक रोक से हटाकर पूरी रोक वाले देशों में डाल दिया गया है। वहीं तुर्कमेनिस्तान पर लगाए गए प्रतिबंधों में कुछ ढील दी गई है, क्योंकि वहां सुधार बताए गए हैं। जून में घोषित बाकी सभी प्रावधान अभी भी लागू हैं। ट्रंप के पहले कार्यकाल में भी यात्रा प्रतिबंध बड़ा मुद्दा रहे थे, जिनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन और कानूनी चुनौतियां शुरू हुई थी। बाद में अदालतों ने संशोधित नियमों को सही ठहराया। समर्थकों का कहना है कि इससे देश की सुरक्षा मजबूत होती है, जबकि आलोचकों का मानना है कि यह लोगों को उनके देश के आधार पर अनुचित रूप से निशाना बनाता है।

## कनाडाई शिष्टमंडल के वेस्ट बैंक जाने पर रोक, इस्राइल का आरोप- आतंकी संगठन से संबंध

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल ने मंगलवार को कनाडा से आए एक निजी प्रतिनिधिमंडल को कब्जे वाले वेस्ट बैंक में प्रवेश करने से रोक दिया। इस दल में कनाडा की संसद के छह सदस्य (सांसद) शामिल थे। कनाडा में इस्राइल के दूतावास ने कहा कि इस समूह को इसलिए रोका गया क्योंकि इसके कुछ संबंध इस्लामिक रिलीफ वर्ल्डवाइड नाम की संस्था से बताए जा रहे हैं। इस्राइल इस संस्था को आतंकी संगठन मानता है। इस मामले पर कनाडा की विदेश मंत्री अनिता आनंद ने सोशल मीडिया पर कहा कि कनाडा सरकार ने अपने नागरिकों, खासकर सांसदों, के साथ हुए इस बर्ताव पर आपत्ति जताई है।

इतना ही नहीं कनाडा के पीएम मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी की ओंटारियो से सांसद इकरा खालिद ने सीमा पर खड़े इस्राइली सुरक्षाकर्मियों पर धक्का-मुक्की का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि वह भी इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस्राइली सीमा अधिकारियों ने उन्हें कई बार धक्का दिया।

**दावा- इस्राइली अधिकारियों ने सांसदों को दिया धक्का :** मामले में इकरा खालिद ने कहा कि जब वह अपने दल के एक सदस्य की मदद के लिए आगे बढ़ीं, तब उन्हें धक्का दिया गया। यह घटना एलेनबी बॉर्डर क्रॉसिंग पर हुई, जो जॉर्डन और इस्राइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के




बीच स्थित है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारियों को पता था कि वह सांसद हैं, क्योंकि उनके पास विशेष सरकारी पासपोर्ट था, जो आम कनाडाई पासपोर्ट से अलग दिखता है।

**अब समझिए क्या है इस्राइल का पक्ष :** वहीं इस घटना पर इस्राइली दूतावास ने बताया कि इस्राइल उन लोगों और संगठनों को देश में प्रवेश की अनुमति नहीं देगा, जिनका संबंध घोषित आतंकी संगठनों से है। इस प्रतिनिधिमंडल को 'कनाडाई-मुस्लिम वोट' नाम के संगठन ने प्रायोजित किया था। यह समूह वेस्ट बैंक में विस्थापित फलस्तीनियों से मिलने वाला था। इस्राइल का कहना है कि इस संगठन को ज्यादातर फंडिंग इस्लामिक रिलीफ कनाडा से मिलती है, जो इस्लामिक रिलीफ वर्ल्डवाइड से जुड़ा हुआ है। इस्राइल इस पूरी संस्था को आतंकी संगठन मानता है। वहीं इस मामले में कनाडा में नेशनल काउंसिल ऑफ कनाडियन मुसलिम्स ने कहा कि इस्राइल द्वारा कनाडा के सांसदों को प्रवेश न देने से पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

## मोजांबिक के राष्ट्रपति से मिली जॉर्जिया मेलोनी; हाइट में अंतर वाली तस्वीर वायरल

**रोम, एजेंसी।** इटली प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की मोजांबिक के राष्ट्रपति डेनियल फ्रांसिस्को चापो से पिछले हफ्ते रोम में हुई मुलाकात सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच हाइट के बड़े अंतर ने सबका ध्यान खींच लिया। मेलोनी राष्ट्रपति चापो से मिलने आगे बढ़ीं तो ऊपर देखकर थोड़ा हैरान हो गईं, फिर शरमाते हुए मुस्कुराईं और फोटो खिंचवाने के लिए पोज किया।



48 साल के राष्ट्रपति चापो की लंबाई करीब 6 फुट 8 इंच है, जबकि मेलोनी की लंबाई करीब 5 फुट 2 इंच है। इस बड़े अंतर की वजह से फोटोग्राफर्स को दोनों को एक ही फ्रेम में कैद करने में काफी मुश्किल हुई, कई फोटोग्राफर्स झुक गए, तो कुछ जमीन पर लेटकर तस्वीरें लेने लगे।

राष्ट्रपति चापो बास्केटबॉल के शौकीन हैं और पहले भी अन्य विश्व नेताओं के साथ तस्वीरों में अपनी लंबाई की वजह से चर्चा में रह चुके हैं। यह बैठक मोजांबिक की आजादी की 50वीं वर्षगांठ और दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर हुई। दोनों नेताओं ने ऊर्जा, व्यापार और विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग पर बात की। इस प्लान में ऊर्जा तक पहुंच, सतत कृषि, व्यावसायिक प्रशिक्षण, डिजिटलीकरण और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने जैसे कई संयुक्त प्रोजेक्ट शामिल हैं।

## नीरव मोदी के प्रत्यर्पण पर फिर टला लंदन कोर्ट का फैसला, मार्च 2026 में होगी अगली सुनवाई

**लंदन, एजेंसी।** पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े करीब 2 अरब डॉलर के धोखाधड़ी मामले के मुख्य आरोपी भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के भारत प्रत्यर्पण की प्रक्रिया में एक बार फिर देरी हो गई है. लंदन हाई कोर्ट ने नीरव मोदी की उस अर्जी पर सुनवाई मार्च 2026 तक के लिए टाल दी है, जिसमें उसने अपने प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील को दोबारा खोलने की अनुमति मांगी थी. सुनवाई के दौरान कोर्ट में यह बात सामने आई कि नीरव मोदी द्वारा प्रत्यर्पण रोकने के लिए अपनाया गया कोई 'गोपनीय कानूनी रास्ता' (संभवतः शरण की अर्जी) अगस्त में विफल हो गया है. इसके तुरंत बाद उसने अपनी अपील को दोबारा खोलने की यह नई याचिका दायर की. भारत की 'मजबूत गारंटी' और कोर्ट का



रुख लंदन के रॉयल कोर्ट्स ऑफ जस्टिस में जस्टिस जेरेमी स्टुअर्ट-स्मिथ और जस्टिस रॉबर्ट जे की पीठ ने सुनवाई की. भारतीय अधिकारियों (सीबीआई और ईडी) ने नीरव मोदी को मुंबई की आर्थर रोड जेल में रखने और उससे पूछताछ को लेकर 'पुख्ता संप्रभु आश्वासन' पेश किए.

**मार्च 2026 में होगी अगली सुनवाई :** हालांकि, नीरव के वकीलों ने दावा किया कि ये आश्वासन पर्याप्त नहीं हैं और भारत में उनके मुवक्किल के साथ 'अमानवीय व्यवहार' का खतरा है. अदालत ने नीरव के वकीलों को इन आश्वासनों का जवाब देने के लिए समय देते हुए अगली सुनवाई मार्च 2026 तक टाल दी.

जज ने इस देरी पर टिप्पणी करते हुए इसे 'बेहद निराशाजनक' बताया. अगर मार्च-अप्रैल 2026 में होने वाली दो दिवसीय सुनवाई में नीरव की अर्जी खारिज हो जाती है, तो उसके प्रत्यर्पण का रास्ता पूरी तरह साफ हो जाएगा. नीरव मोदी, जो इस समय उत्तरी लंदन की पेंटनविल जेल में बंद है, वीडियो लिंक के जरिए अदालत में पेश हुआ. कोर्ट ने तय किया कि अब यह मामला 'रोल्ड-अप हियरिंग' के तौर पर सुना जाएगा, जिसमें यह तय होगा कि अपील दोबारा खोलने की अनुमति दी जाए या नहीं. नीरव मोदी के वकीलों ने संजय भंडारी केस का हवाला देते हुए दावा किया कि भारत में उसे अमानवीय व्यवहार का खतरा है. हालांकि, भारतीय पक्ष ने इस तुलना को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि नीरव मोदी के मामले में पहले से ही पर्याप्त और विश्वसनीय आश्वासन दिए जा चुके हैं. आपको बता दें कि नीरव मोदी पर भारत में तीन बड़े आपराधिक मामले चल रहे हैं- पीएनबी बैंक घोटाला, मनी लॉन्ड्रिंग और सबूतों से छेड़छाड़. साल 2019 में गिरफ्तारी के बाद से वह लगातार कानूनी रास्तों से प्रत्यर्पण टालने की कोशिश करता रहा है.

## वॉट्सऐप का विकल्प लाया पाकिस्तान, सरकारी कर्मचारी अब करेंगे 'बीप'; चीन से क्या कनेक्शन

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने सुरक्षा और खुफिया चिंताओं के चलते वॉट्सऐप का विकल्प तैयार कर लिया है। पाकिस्तानी सरकार का कहना है कि वॉट्सऐप पर मेसेज भेजने और जरूरी दस्तावेजों को शेयर करने से खुफिया खतरे हैं। ऐसी स्थिति में हम एक स्थानीय स्तर पर तैयार ऐप 'बीप' लेकर आ रहे हैं। यह प्लेटफॉर्म अगले दो महीने में ही लॉन्च हो सकता है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली की स्टैंडिंग कमेटी का कहना है कि जून, 2026 तक यह ऐप पूरे देश के कर्मचारियों तक पहुंच जाएगा। इस ऐप को चीन के वीचैट ऐप की तर्ज पर तैयार किया गया है। पाकिस्तान के नेशनल इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी बोर्ड की ओर से इसे स्थानीय स्तर पर ही तैयार किया गया है।

इसे आधिकारिक इस्तेमाल के लिए तैयार किया जा रहा है। कमेटी के चेयरमैन सैयद अमिनुल हक का कहना है कि इस ऐप से सरकारी कर्मचारियों की सूचनाओं को सुरक्षा मिलेगी। किसी दूसरे देश तक हमारी संवेदनशील जानकारियां नहीं पहुंच सकेंगी। उन्होंने कहा कि ब्ब्धश्चक्कको तैयार करने की वजह यह है कि वॉट्सऐप का सर्वर दूसरे देश में स्थित है। ऐसे में जानकारी लीक होने और जासूसी के खतरे बने रहते हैं। ऐसी स्थिति में एक स्थानीय ऐप हर तरह से सुरक्षा प्रदान करेगा। चीन तो सालों से ऐसी ही नीति पर काम कर रहा है। पाकिस्तान सरकार का कहना है कि इस ऐप को चरणबद्ध तरीके से अलग-अलग विभागों में लागू किया जाएगा।

मेटा के मालिकाना हक वाले वॉट्सऐप को लेकर दुनिया भर में चिंताएं जताई जाती रही हैं। पाकिस्तान का कहना है कि वॉट्सऐप पर सरकारी संस्थानों के लोग वॉइस कॉल करते हैं। वीडियो कॉल किए जाते हैं और मीडिया शेयरिंग भी होती है। लेकिन इसके डेटा सर्वर देश से बाहर हैं। बीप के सर्वर पाकिस्तान में होंगे। इसलिए उसकी सुरक्षा तय हो सकेगी। पाकिस्तान सरकार का स्पष्ट कहना है कि इस ऐप को हमने चीन के वीचेट की तर्ज पर तैयार किया है। सरकारी कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय और सूचनाओं के सुरक्षित आदान-प्रदान के लिए इस ऐप को अहम माना जा रहा है।

## 'ड्रग्स लेते थे मस्क, हर घटना के पीछे साजिश देखते हैं वेंस', अमेरिकी अफसर का दावा



**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** व्हाइट हाउस की वरिष्ठ अधिकारी सूसी वाइल्स ने एक पत्रिका को दिए इंटरव्यू में चौंकाने वाले खुलासे किए। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीब लोगों के बारे में स्पष्ट और आलोचनात्मक टिप्पणियां कीं। उन्होंने यह भी कहा कि टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क केटामाइन (ड्रग) का सेवन करते थे। उन्होंने उप राष्ट्रपति जेडी वेंस को 'बिना सबूतों के हर बड़ी घटना के पीछे गोपनीय साजिश मानने वाला व्यक्ति' और बजट प्रमुख रस वॉट को 'कट्टर दक्षिणपंथी' बताया। उन्होंने जेफरी एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों को संभालने के तरीके को लेकर अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी की भी आलोचना की। इस इंटरव्यू के सामने आने के व्हाइट हाउस ने उनके बयानों को ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया। हालांकि, सूसी वाइल्स ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस खबर में जरूरी संदर्भों को नजरअंदाज किया गया और इसे जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया गया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने सूसी वाइल्स का समर्थन करते हुए कहा कि ट्रंप के पास सूसी से बड़ा या उनसे ज्यादा वफादार सलाहकार कोई नहीं है। लीविट ने एक्स पर कहा, 'पूरा प्रशासन उनके स्थिर नेतृत्व के लिए आभारी है और पूरी तरह उनके साथ खड़ा है।' लेकिन यह इंटरव्यू फिर से राष्ट्रपति और उनकी नीतियों पर सवाल खड़े कर सकता है और पुराने मतभेद, खासकर मस्क के साथ फिर से टकराव पैदा कर सकता है। वाइल्स ने मस्क के बारे में कहा, वह पूरी तरह अकेले काम करने वाले व्यक्ति हैं। एलन के साथ चुनौती यह है कि उनकी गति के साथ कदम मिलाना मुश्किल है। जब उनसे पूछा गया कि मस्क ने एक्स पर जो पोस्ट शेयर की थी, जिसमें कहा गया था कि सरकारी कर्मचारी एडॉल्फ हिटलर, जोसेफ स्टालिन और माओ जेदोंग के समय लाखों मौतों के लिए जिम्मेदार थे, इसके बारे में उनका क्या विचार है, तो वाइल्स ने कहा, मुझे लगता है उस समय वह हल्का ड्रग (माइक्रोडोजिंग) का इस्तेमाल कर रहे थे।

## नेतन्याहू से मिले एस जयशंकर, भारत और इस्राइल की साझेदारी को नई ऊंचाई देने पर जोर

**तेल अवीव, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर इन दिनों इस्राइल के दौरे पर हैं। उनका ये दौरा भारत और इस्राइल के रिश्तों को और मजबूती देने की दिशा में बड़ा कूटनीतिक कदम माना जा रहा है। इस दौरान भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। जयशंकर ने कहा कि भारत और इस्राइल की रणनीतिक साझेदारी आगे और मजबूत होगी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि उन्होंने नेतन्याहू को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं भी दीं है। जयशंकर और नेतन्याहू ने तकनीक, आर्थिक क्षेत्र, कौशल और प्रतिभा, कनेक्टिविटी और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। नेतन्याहू ने भी जयशंकर से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में काम जारी रहेगा।

**निर बरकास से की मुलाकात :** पीएम के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को यरूशलम में इस्राइल के अर्थव्यवस्था और उद्योग मंत्री निर बरकात से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच निवेश, नवाचार और व्यापारिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। जयशंकर ने भरोसा जताया कि भारत-इस्राइल मुक्त व्यापार समझौता जल्द पूरा होगा, जिससे आर्थिक साझेदारी को नई गति मिलेगी। दो दिन के इस्राइल दौरे पर पहुंचे जयशंकर ने देश के शीर्ष नेतृत्व से भी बातचीत की। उन्होंने इस्राइल के विदेश मंत्री गिडियन साअर, राष्ट्रपति इसहाक हरजोग और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब प्रधानमंत्री नेतन्याहू के प्रस्तावित भारत दौरे की तैयारियां चल रही हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेतन्याहू के बीच फोन पर बातचीत हुई थी, जिसके बाद इस्राइली प्रधानमंत्री ने जल्द



मुलाकात का संकेत दिया था।

**एफटीए से निवेश और नवाचार को बढ़ावा :** जयशंकर ने निर बरकात के साथ बैठक के बाद कहा कि दोनों देशों ने निवेश और नवाचार सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि भारत-इस्राइल मुक्त व्यापार समझौता जल्द पूरा होने से आर्थिक साझेदारी को बड़ा लाभ मिलेगा। दोनों देश तकनीक, स्टार्टअप, उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में एक-दूसरे के पूरक हैं और इसका लाभ उठाने की जरूरत है।

**आतंकवाद पर भारत-इस्राइल की सख्त नीति :** जयशंकर ने सिडनी के बॉन्डी बीच पर हनुक्का समारोह के दौरान हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि भारत और इस्राइल दोनों ही आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हैं। जयशंकर ने इस्राइल को भारत के आतंकवाद विरोधी संघर्ष में लगातार समर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के हर रूप और स्वरूप के खिलाफ दोनों देश एकजुट हैं।

**रणनीतिक साझेदारी और क्षेत्रीय शांति :** विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत-इस्राइल रणनीतिक साझेदारी काफी मजबूत हुई है। इसमें सरकार से सरकार, कारोबार से कारोबार और लोगों से लोगों के बीच संपर्क शामिल है। जयशंकर ने गाजा शांति योजना के प्रति भारत के समर्थन को दोहराया और उम्मीद जताई कि इससे क्षेत्र में स्थायी और टिकाऊ शांति का रास्ता खुलेगा। उच्चस्तरीय दौरे और बढ़ता सहयोग जयशंकर का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब दोनों देशों के बीच लगातार उच्चस्तरीय आदान-प्रदान हो रहा है। इस साल इस्राइल के कई मंत्री भारत आ चुके हैं। हाल ही में दोनों देशों ने द्विपक्षीय निवेश संधि पर हस्ताक्षर किए और प्रस्तावित एफटीए के लिए नियम तय किए गए। रक्षा क्षेत्र में भी दोनों देशों ने उन्नत तकनीक साझा करने और सह-विकास पर अहम समझौता किया है। जयशंकर इससे पहले अबू धाबी में सर बनी यास फोरम में शामिल हुए थे और भारत-यूएई संयुक्त आयोग की बैठक में भी भाग लिया था। इस्राइल दौरे के बाद उनके कार्यक्रम से साफ है कि भारत पश्चिम एशिया में अपने रणनीतिक और आर्थिक रिश्तों को और गहराई देना चाहता है। भारत-इस्राइल साझेदारी आने वाले समय में व्यापार, सुरक्षा और तकनीक के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की दिशा में बढ़ रही है।

# भारतीय टीम पांचवें टी20 को जीतकर सीरीज समाप्त करने उतरेगी

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करने के इरादे से उतरेगी। पांच मैचों की इस टी20 सीरीज का चौथा मैच कोहरे और धुंध के कारण रद्द कर दिया गया था। भारतीय टीम इस सीरीज में 2-1 से आगे है। ऐसे में मेहमान टीम दक्षिण अफ्रीका का लक्ष्य किसी भी प्रकार ये मैच जीतकर सीरीज 2-2 से बराबरी पर लाना रहेगा।

वहीं भारतीय टीम के लिए राहत की बात ये है कि अब उसे सीरीज है हारने का खतरा नहीं है। वह अंतिम मैच हारती भी है तो भी सीरीज बराबरी पर ही रहेगी। अब इस अंतिम मैच में सभी की नजरें कप्तान सूर्यकुमार यादव पर रहेंगी। वह पिछले काफी समय से रन नहीं बना पार रहे। ऐसे में ये इस मैच में अच्छा स्कोर बनाना चाहेंगे। टीम प्रबंधन भी उनके फार्म को लेकर चिन्तित है। सूर्यकुमार ने पिछले 20 मैचों की 18 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगाया है। इस दौरान उन्होंने 14.20 के औसत से 213 रन बनाए थे। वहीं उपकप्तान शुभमन गिल का इस मैच में खेलना संदिग्ध है क्योंकि वह पिछले मैच में अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे।

ऐसे में उनकी जगह इस मैच में पारी की शुरुआत के लिए संजू सैमसन को अवसर दिया जा सकता है। सैमसन सलामी बल्लेबाज के तौर पर बेहद सफल रहे हैं। शुभमन के आने के बाद उन्हें मध्यक्रम में उतारा जा रहा था पर वह वहां सफल नहीं रहे हैं। ऐसे में इस मैच में वह पारी की शुरुआत करते हुए बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे।

भारतीय टीम का पलड़ा इस मैच में भारी है। उसके पास अच्छे बल्लेबाज व गेंदबाज हैं। टीम के पास हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे जैसे ऑलराउंडर होने के साथ ही तिलक वर्मा जैसा बल्लेबाज है।

तेज गेंदबाजी की बात करें तो बांए हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह अच्छे फार्म में हर्षित राणा ने भी अब तक अच्छी गेंदबाजी की है। जसप्रीत बुमराह की भी इस मैच में वापसी होगी। स्पिनर के तौर पर टीम के पास वरुण चक्रवर्ती जैसा गेंदबाज है। यहां की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल रही है। ऐसे में बड़ा स्कोर बनना तय है।




वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीकी टीम की बात करें तो उसके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है। ऐसे में उसे सीरीज में बराबरी करने बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उसकी बल्लेबाजी कप्तान एडेन मार्क्रम के अलावा डेवाल्ड ब्रेविस, क्विंटन डी कॉक , डेविड मिलर पर आधारति रहेगी।

दक्षिण अफ्रीका की टीम इस मैच में रीजा हेंड्रिक्स की जगह मार्क्रम को शीर्ष क्रम में उतार सकती है। हेंड्रिक्स इस दौरे पर रन नहीं बना पाये हैं। उसके युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका को इस मैच में मार्को यानसन की सेवाएं नहीं मिल पायेंगी। ऐसे में लुंगी एनगिडी और ओटनेल बार्टमैन पर गेंदबाजी की जिम्मेदारी रहेगी। कुल मिलाकर देखा जाये तो इस मैच में दक्षिण अफ्रीका को जीत दर्ज करने हर क्षेत्र में शीर्ष स्तर का प्रदर्शन करना होगा।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, शाहबाज अहमद, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्क्रम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रीजा हेंड्रिक्स, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, कॉर्बिन बॉश, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, जॉर्ज लिंडे, ओटनील बार्टमैन, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, एनरिक नोर्किया, लूथो सिपाम्ला।

# बीसीसीआई अब उत्तर भारत में पड़ने वाले मैच स्थलों में बदलाव करेगा: राजीव शुक्ला



**–15 दिसंबर से 15 जनवरी तक के मैच कहीं ओर आयोजित होंगे**

**एडीलेड (एजेंसी)।** मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने घने कोहरे के कारण भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी20 रद्द होने से सबक लेते हुए अब आगे के मैचों को लेकर एक महत्वपूर्व फैसला किया है। बोर्ड उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के अनुसार अब 15 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच होने वाले मुकाबलों को कहीं और आयोजित किया जा सकता है जिससे दर्शकों और खिलाड़ियों को कोई परेशान न हो। इसके साथ ही सर्दियों के दौरान उत्तर भारत में होने वाले मैचों को कहीं और आयोजित करने पर विचार होगा।

बीसीसीआई को ये बदलाव इसलिए करना पड़ रहा है क्योंकिक भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला कोहरे के कारण रद्द करना पड़ा था। मैच के दिन स्टेडियम में शाम होते-होते दृश्यता इतनी कम हो गई कि अंपायरों को कई बार मैदान का निरीक्षण करना पड़ा। हालात न सुधरने पर आखिरकार मैच को बिना टॉस के ही रद्द कर दिया गया। इस फैसले से हजारों दर्शकों को निराश होकर वापसी लौटना पड़ा। मैच रद्द होने के बाद बोर्ड उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि उत्तर भारत में 15 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच होने वाले मैचों के कार्यक्रम को फिर से निर्धारित करने पर विचार किया जाएगा। शुक्ला के मुताबिक, कोहरा अब सिर्फ अंतरराष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि घरेलू क्रिकेट को भी प्रभावित कर रहा है, और ऐसे में मैचों को दक्षिण भारत या वेस्ट इंडिया में आयोजित किया जा सकता है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच एकदिवसीय सीरीज 11 जनवरी से शुरू होगी जिसके मुकाबले वडोदरा, राजकोट और इंदौर में होने हैं और इसमें भी खराब मौसम से बाधा आ सकती है। वहीं घरेलू क्रिकेट में विजय हजारे ट्रॉफी 24 दिसंबर से 18 जनवरी तक खेली जाएगी, जिसमें जयपुर में भी मैच रखे गये हैं। ऐसे में कोहरे को देखते हुए इन मैचों का आयोजन भी प्रभावित होगा।

# लियोन टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बने

**–टेस्ट इतिहास में छठे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने**



**एडीलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने यहां एडिलेड में खेले जा रहे तीसरे एशेज क्रिकेट टेस्ट मैच में दूसरा विकेट लेते ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। अब लियोन टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गये हैं। वहीं विश्व स्तर पर टेस्ट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले छठे गेंदबाज बने हैं।

उन्होंने इससे पहले नंबर एक पर रहे दिग्गज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा को सबसे अधिक विकेट के मामले में पीछे छोड़ दिया है। अब उनसे आगे केवल दिवंगत महान स्पिनर शेन वॉर्न ही हैं। वार्न ने अपने करियर में 708 विकेट टेस्ट क्रिकेटर में लिए थे।

तीसरे टेस्ट की पहली पारी मे लियोन ने इंग्लैंड के डकेट को बोल्ड कर मैक्ग्रा को विकेट लेने के मामले में तीसरे नंबर पर धकेल दिया। उसी के साथ ही टेस्ट क्रिकेट में उनके विकेटों की तादाद 564 पहुंच गई और वह ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। इस मैच से पहले तक मैक्ग्रा ने टेस्ट क्रिकेट में 563 विकेट लिए थे। लियोन ने पहले ओली पोप और उसके बाद डकेट को आउट किया।

लियोन अब टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में छठे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उनसे आगे इस सूची में श्रीलंका के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन, ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉर्न, इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन, भारत के अनिल कुंबले और इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड शामिल हैं। मुरलीधरन ने 800, वॉर्न ने 708, एंडरसन ने 704, कुंबले ने 619 और ब्रॉड ने 604 विकेट टेस्ट क्रिकेट में लिए हैं।

# 'सबसे खराब टेक्नोलॉजी' : एडिलेड टेस्ट में स्निको विवाद पर मिशेल स्टार्क का तीखा हमला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशेज सीरीज के एडिलेड टेस्ट में अंपायरिंग और टेक्नोलॉजी एक बार फिर बड़े विवाद की वजह बन गई। दूसरे दिन लगातार दो फैसलों ने खिलाड़ियों और दर्शकों, दोनों को हैरान कर दिया। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ मिशेल स्टार्क ने स्निको टेक्नोलॉजी पर खुलकर नाराज़गी जताते हुए इसे 'सबसे खराब टेक्नोलॉजी' करार दिया और यहां तक कह दिया कि इसे हटाने की ज़रूरत है। विवादित फैसलों के बीच इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया, दोनों ही खेमों में असंतोष साफ दिखाई दिया।

### पहला विवाद: स्मिथ के हेलमेट पर लगी गेंद, फिर भी स्निको स्पाइक

विवाद की शुरुआत तब हुई जब पैट कमिंस की एक तेज़ शॉर्ट बॉल इंग्लैंड के बल्लेबाज़ स्मिथ पर अजीब उछाल लेकर आई। स्मिथ ने खुद को बचाने की कोशिश की और गेंद फर्स्ट स्लिप की ओर गई, जहां उस्मान ख्वाजा ने आगे की ओर डाइव लगाई।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने ज़ोरदार अपील की, लेकिन ऑन-फील्ड अंपायर को संदेह था कि गेंद बल्ले या ग्लव्स से लगी है या नहीं। मामला थर्ड अंपायर के पास गया। रिप्ले में साफ दिखा कि गेंद स्मिथ के हेलमेट से टकराई थी, इसके बावजूद स्निको मीटर में स्पाइक नजर आया। अंततः फैसला नॉट-आउट रहा, लेकिन इसी स्पाइक ने पूरे विवाद को जन्म दे दिया।

### 'स्निको को हटाने की जरूरत'

इस फैसले के बाद मिशेल स्टार्क को स्टंप माइक पर अंपायर से चर्चा करते हुए सुना गया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि स्निको टेक्नोलॉजी भरोसेमंद नहीं रही है। स्टार्क ने कहा कि यह टेक्नोलॉजी पहले भी गलत साबित हो चुकी है और एक बार फिर खिलाड़ियों को भ्रमित कर रही है। उनके मुताबिक, ऐसे अहम टेस्ट मैच में इतनी बड़ी गलती स्वीकार्य नहीं है।

### दूसरा झटका: जेमी स्मिथ का विवादित आउट

पहले विवाद की गर्मी अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि जेमी स्मिथ के आउट होने पर एक और बहस छिड़ गई। पैट कमिंस की शॉर्ट गेंद पर स्मिथ ने पुल शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन संपर्क साफ नहीं था। गेंद विकेटकीपर एलेक्स कैरी तक पहुंची और अंपायर ने फैसला थर्ड अंपायर को भेजा। हालांकि वीडियो रिप्ले में बल्ले और गेंद के बीच साफ गैप नजर आ रहा था, लेकिन गेंद के बल्ले के पास से गुजरते ही स्निको में एक स्पाइक दर्ज हुआ। इसी आधार पर थर्ड अंपायर ने स्मिथ को आउट करार दे दिया।

### बेन स्टोक्स ने टेक्नोलॉजी पर सवाल उठाए

इस फैसले के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स काफी नाराज़ दिखे। उनका मानना था कि सिर्फ स्निको स्पाइक के आधार पर फैसला देना सही नहीं है, खासकर तब जब वीडियो सबूत कुछ और कहानी बता रहे हों। मैच में DRS का इस्तेमाल न होने के बावजूद, थर्ड अंपायर का फैसला पूरी तरह टेक्नोलॉजी पर निर्भर रहा, जिसने बहस को और तेज कर दिया।



### स्निको टेक्नोलॉजी की विश्वसनीयता पर बहस

एडिलेड टेस्ट की घटनाओं ने एक बार फिर स्निको टेक्नोलॉजी की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खिलाड़ी, पूर्व क्रिकेटर और फैंस अब यह सोचने पर मजबूर हैं कि क्या सिर्फ ऑडियो स्पाइक के आधार पर बड़े फैसले लेना सही है।

# स्पेनिश टेनिस स्टार अल्काराज ने कोच फेरेरो से नाता तोड़ा

मैड्रिड । दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपने कोच जुआन कार्लोस फेरेरो के साथ चली आ रही सात साल की साझेदारी को समाप्त कर दिया है। नये साल की शुरुआत से सैमुअल लोपेज, अल्काराज के नये कोच होंगे। 22 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने फेरेरो के साथ तब काम करना शुरू किया था जब वह 15 साल के थे। फेरेरो के मार्गदर्शन में वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे और कुल छह ग्रैंड स्लैम खिताब और 22 टूर्नामेंट जीते। अल्काराज ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच पर जारी एक बयान में बताया, 'हम शीर्ष पर पहुंचने में कामयाब रहे हैं और मुझे लगता है कि अगर हमारे खेल के रास्ते अलग होने हैं, तो यह तब होना चाहिए जब हम सबसे ऊंचे मुकाम पर हों। वह मुकाम जिसके लिए हमने हमेशा प्रयास किया और हमेशा वहां पहुंचने की उम्मीद की।' स्पेनिश स्पोर्ट्स अखबार डियारियो एएस की रिपोर्ट में बताया गया है कि पाब्लो कैरेनो बुस्टा को कोचिंग देने वाले सैमुअल लोपेज 2026 की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी के लिए अल्काराज के नए कोच होंगे।



# धोनी से सीखना चाहते हैं प्रशांत



मुम्बई । आईपीएल 2026 के लिए हुई नीलामी में 14.2 करोड़ रुपये हासिल करने वाले अनकैप्ड ऑलराउंडर प्रशांत वीर का सपना चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के साथ खेलना और सीखना है। प्रशांत का कहना है कि वह धोनी के साथ खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उत्तर प्रदेश की ओर से खेलने वाले प्रशांत वीर को सीएसके ने नीलामी में 14.2 करोड़ में खरीदा है। प्रशांत ने कहा कि वह चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़कर बेहद खुश हैं क्योंकि वहां एमएस धोनी मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि धोनी जिस तरह से निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं। उनकी मानसिक मजबूती बातचीत का तरीका और खेल के दौरान उनका ध्यान ये सभी चीजें सीखने लायक हैं। उन्होंने अंत में कहा, 'अगर मैं उन जैसे महान खिलाड़ी से 4 से 5 फीसदी भी सीख पाता हूं, तो वह मेरे करियर के लिए बहुत सहायक होगा।' सीएसके ने प्रशां के अलावा कार्तिक शर्मा को भी 14.2 करोड़ में खरीदा है। जिससे ये दोनो ही आईपीएल के सबसे महंगे गैरअनुभवी खिलाड़ी बन गये हैं। कार्तिक के लिये भी सीएसके और हैदराबाद के बीच खींचतान हुई, लेकिन आखिरकार चेन्नई की फ्रेंचाइज़ी ने इस विस्फोटक बल्लेबाज को 14.2 करोड़ में खरीद लिया। ये दोनों ही खिलाड़ी लीग के इतिहास के सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी बन गये। इससे पहले यह रिकॉर्ड आवेश खान के पास था जिन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2022 में 10 करोड़ में खरीदा था।

# पीएसजी ने फ्लेमेंगो को हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता

**दोहा (कतर) (एजेंसी)।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने रोमांचक फाइनल मुकाबले में ब्राज़ील की फ्लेमेंगो टीम को पेनल्टी शूटआउट में हराकर फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप का खिताब अपने नाम कर लिया। यह पीएसजी की इस साल की छठी बड़ी ट्रॉफी है, जिससे क्लब का सुनहरा सीजन और भी यादगार बन गया।

अल रेयान स्थित अहमद बिन अली स्टेडियम में खेले गए इस फाइनल में निर्धारित समय और अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबर रहा। इसके बाद हुए पेनल्टी शूटआउट में पीएसजी ने फ्लेमेंगो को 2-1 से मात देकर खिताबी जीत दर्ज की।

### रोमांचक रहा फाइनल मुकाबला

मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक रुख अपनाया। पीएसजी को पहला गोल 38वें मिनट में ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने दिलाया, जिससे फ्रेंच क्लब ने बढ़त हासिल की। हालांकि, हाफटाइम के बाद फ्लेमेंगो ने जोरदार वापसी की। 62वें मिनट में जोर्जिन्हो ने पेनल्टी को गोल में बदलते हुए स्कोर बराबर कर दिया।

इसके बाद दोनों टीमों को कई मौके मिले, लेकिन गोल करने में सफलता नहीं मिली। मैच के अंतिम क्षणों में पीएसजी गोल के बेहद करीब पहुंचा, मगर फ्लेमेंगो के गोलकीपर ऑगस्टिन रॉसी ने शानदार बचाव कर टीम को बचाए रखा।




### शूटआउट में पीएसजी का दबदबा

निर्धारित समय और अतिरिक्त समय में कोई गोल नहीं होने के बाद मुकाबला पेनल्टी शूटआउट में पहुंचा। यहां पीएसजी के खिलाड़ियों ने बेहतर संयम दिखाया और फ्लेमेंगो को 2-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।


### पीएसजी का सुनहरा सीजन

फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीतने के साथ ही पीएसजी ने इस साल अपनी छठी ट्रॉफी हासिल की। इससे पहले क्लब ने लीग 1, कूप डी फ्रांस, ट्रॉफी डेस चैंपियंस, यूईएफए चैंपियंस लीग और यूईएफए सुपर कप के खिताब भी अपने नाम किए थे।

यह जीत पीएसजी के लिए न सिर्फ एक और ट्रॉफी है, बल्कि उनके ऐतिहासिक और सफल सीजन की पुष्टि भी करती है।

# फ्रांस के पूर्व स्ट्राइकर हेनरी को मिलेगा स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

लंदन। आर्सेनल और फ्रांस के पूर्व स्ट्राइकर थियरी हेनरी को 2025 के बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर कार्यक्रम में आज लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। 2014 में पेशेवर फुटबॉल से संन्यास लेने वाले हेनरी ने इस पुरस्कार से सम्मानित किये जाने को लेकर कहा कि यह सम्मान मिलना बहुत गर्व की बात है। उन्होंने कहा, 'फुटबॉल ने मुझे सब कुछ दिया है और मैंने भी इसे अपना सब कुछ दिया है। इस लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के साथ इसके इतिहास का हिस्सा बनने के लिए पहचाना जाना, और फैंस और मेरे टीम के साथियों के लिए अपनी पहचान बनाना, यह कुछ ऐसा है जिसे मैं कभी हल्के में नहीं लूंगा।' आर्सेनल के साथ दो बार खेलते हुए, हेनरी ने 377 मैचों में 228 गोल किए, और 2005 में इयान राइट को पीछे छोड़कर क्लब के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर बन गए। गनर्स के साथ उनके सम्मानों में दो प्रीमियर लीग खिताब और तीन एफए कप शामिल हैं, जिसमें सबसे खास 2003-04 का सीजन था जब आर्सेनल अजेय रहा और 'इनविंसिबल' का दर्जा हासिल किया। हेनरी ने चार बार प्रीमियर लीग गोल्डन बूट जीता, जो एक संयुक्त रिकॉर्ड है और लगातार 6 सीजन तक पीएफए टीम ऑफ द ईयर में नामित हुए।



# श्रीलंकाई टीम के क्षेत्ररक्षण कोच होंगे श्रीधर

कोलंबो । श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने भारत के आर श्रीधर को को आगामी टी20 विश्वकप कप के लिए अपनी टीम का क्षेत्ररक्षण कोच बनाया है। श्रीधर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के लेवल 3 क्वालिफाइड कोच हैं। श्रीधर इससे पहले साल 2014 से 2021 तक भारत की पुरुष टीम के क्षेत्ररक्षक कोच रहे हैं। उन्होंने अफगानिस्तान टीम के साथ भी सलाहकार के तौर पर काम किया। अब वह श्रीलंकाई टीम के क्षेत्ररक्षण को सुधारने की जिम्मेदारी संभालेंगे। वह पाकिस्तान और इंग्लैंड के आगामी दौरों पर टीम के साथ मिलकर काम करेंगे और फिर टी-20 विश्व कप की तैयारियों की देखरेख करेंगे। वहीं श्रीधर ने इस जिम्मेदारी पर उत्साहित होते हुए कहा, श्रीलंकाई खिलाड़ी हमेशा सहज प्रतिभा वाले होने के साथ ही सामूहिक रुप से खेलने पर जोर देने के लिए जाने जाते हैं। मेरा काम उनपर किसी प्रकार का नया दबाव बनाना नहीं है। वहीं ऐसा माहौल बनाना है जहां खिलाड़ी अपनी क्षमता, जागरूकता के क साथ मैदान पर स्वाभाविक रूप से बेहतर प्रदर्शन कर आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा, फील्डिंग तब बेहतर होती है जब खिलाड़ी गेंद से, एक-दूसरे से और उस पल से जुड़ाव महसूस करते हैं। श्रीलंका की पारंपरिक ताकतें तेज हाथ, तेज रिफ्लेक्स और निडर इरादा रहा है। इन्हीं क्षमताओं को और निखारा जाएगा। वहीं श्रीलंकाई बोर्ड ने कहा है कि श्रीधर के आने से टीम का प्रदर्शन बेहतर होने का उन्हें भरोसा है।



# आईपीएल 2026 : नीलामी में नहीं बिके ये बड़े खिलाड़ी, आकाश चोपड़ा ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 की नीलामी में जहां करोड़ों की बोली और नए सितारों के उभार ने सुर्खियां बटोरीं, वहीं कुछ बड़े अंतरराष्ट्रीय नामों का ना बिकना क्रिकेट जगत के लिए हैरानी भरा रहा। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मशहूर विश्लेषक आकाश चोपड़ा ने माइकल ब्रेसवेल, जेमी स्मिथ और जॉनी बेयरस्टो जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को किसी भी टीम द्वारा नहीं खरीदे जाने पर खुलकर सवाल उठाए। उनका मानना है कि इस बार नीलामी में कई फैसलों ने क्रिकेट लॉजिक को पीछे छोड़ दिया।

### आकाश चोपड़ा को क्यों हुआ सबसे ज्यादा आश्चर्य?

आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर आईपीएल ऑक्शन को लेकर बेबाक राय रखी। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफघरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बड़ा इनाम मिला, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को साबित कर चुके खिलाड़ियों को नजरअंदाज किया गया। चोपड़ा के मुताबिक यह नीलामी कई मायनों में ÷सरप्राइज पैकेज÷ रही।

### माइकल ब्रेसवेल: ऑलराउंडर, फिर भी अनसोल्ड

न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को लेकर आकाश चोपड़ा सबसे ज्यादा हैरान दिखे। उन्होंने याद दिलाया कि ब्रेसवेल भारत के खिलाफबड़े मैचों में शतक जड़ चुके हैं और वह बल्लेबाजी के साथ-साथ ऑफ-स्पिन भी कर सकते हैं। आकाश का मानना था कि चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स जैसी टीमों को ऐसे खिलाड़ी की सख्त जरूरत थी, लेकिन किसी ने भी दिलचस्पी नहीं दिखाई। टी20आई में संतुलित रिकॉर्ड और बड़े मैचों का अनुभव होने के बावजूद उनका अनसोल्ड रहना कई सवाल खड़े करता है।

### जेमी स्मिथ: विकेटकीपर-बल्लेबाज, फिर भी मौका नहीं

इंग्लैंड के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज जेमी स्मिथ को लेकर भी आकाश चोपड़ा ने 'लॉजिक फेल' करार दिया। उन्होंने कहा कि स्मिथ को कई बार नीलामी में लाया गया, यहां तक कि एक्सेलरेटेड राउंड तक पहुंचे, लेकिन हर बार टीमों ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया। आकाश के मुताबिक जेमी स्मिथ ऐसे खिलाड़ी हैं जो टॉप ऑर्डर और मिडिल ऑर्डर दोनों में बल्लेबाजी कर सकते हैं। उनका स्ट्राइक रेट और फिनिशिंग एबिलिटी टी20 क्रिकेट के लिए आदर्श मानी जाती है, फिर भी किसी फ्रेंचाइजी ने उन पर भरोसा नहीं दिखाया।

### जॉनी बेयरस्टो का अनसोल्ड रहना सबसे बड़ा झटका

इंग्लैंड के अनुभवी स्टार जॉनी बेयरस्टो का नाम अनसोल्ड लिस्ट में होना आकाश चोपड़ा के लिए सबसे चौंकाने वाला रहा। उन्होंने कहा कि जब टिम सीफर्ट, फिन एलन, क्विंटन डी कॉक और बेन डकेट जैसे बल्लेबाज बिक सकते हैं, तो बेयरस्टो के लिए जगह न बनना समझ से बाहर है। पिछले सीजन में सीमित मौकों के बावजूद अच्छा प्रदर्शन करने वाले बेयरस्टो अगर पूरे सीजन के लिए उपलब्ध रहते, तो किसी भी टीम के लिए मैच विनर साबित हो सकते थे।




# बाबर आजम बीबीएल में भी असफल हुए, प्रशंसकों ने जमकर हूटिंग की

लाहौर । पिछले काफी समय से खराब फार्म से जूझ रहे पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम आजकल ऑस्ट्रेलियाई बिग बैश लीग (बीबीएल) खेल रहे हैं। बाबर वहां भी असफल रहे हैं। वह अपने शुरुआती मैच में 5 गेंदों में केवल 2 रन ही बना पाये। जिसके बाद से ही उनकी आलोचनाएं शुरु हो गयी हैं। लगातार दूसरे मैच में असफल होने पर प्रशंसकों ने उनका मजाक बताया है। इसी कारण आउट होने के बाद जब बाबर पवेलियन लौट रहे थे तो प्रशंसकों ने उनकी काफी हूटिंग की। बाबर ने यहां सिडनी सिक्सर्स की ओर से खेलते हुए एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ 10 गेंदों में केवल 9 रन ही बनाये। इससे उनके प्रशंसक भड़क गये। पहले दो मैचों में ही उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा है जिससे अब तीसरे मैच में उन्हें शायद ही अवसर मिले। इससे उनके टी20 विश्वकप के लिए टीम में जगह पक्की करने की दावेदारी भी कमजोर हुई है।

# अमेरिका में जेनेरिक दवाओं पर विदेशी निर्भरता, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर चिंता

**- चीन में बनते हैं एंटीबायोटिक दवाओं में इस्तेमाल होने वाले 90 प्रतिशत एपीआई**

**वाशिंगटन।**

अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली जेनेरिक दवाओं और उनके एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स (एपीआई) का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा विदेशों से आता है। सीनेटर रिक स्कॉट ने चेतावनी दी है कि यह स्थिति अमेरिकी परिवारों के लिए स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से गंभीर खतरा है। 2002 में अमेरिका अपनी जरूरत की 83 प्रतिशत दवाएं खुद बनाता था, जो 2024 में घटकर केवल 37 प्रतिशत रह गई हैं। एंटीबायोटिक दवाओं में इस्तेमाल होने वाले लगभग 90 प्रतिशत एपीआई चीन में बनते हैं। अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली शीर्ष 100 जेनेरिक दवाओं में से 83 प्रतिशत के एपीआई का कोई भी स्रोत अमेरिका में नहीं है। भारत से अमेरिका में लगभग 50 प्रतिशत जेनेरिक दवाएं आती हैं, लेकिन भारत खुद अपने 80 प्रतिशत एपीआई के लिए चीन पर निर्भर है। विदेशी फैक्ट्रियों में अक्सर निरीक्षण कम होता है, जिससे दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा पर सवाल उठते हैं। 2025 के एक अध्ययन में पाया गया कि भारत में बनी जेनेरिक दवाओं से जुड़े गंभीर दुष्प्रभाव अमेरिका में बनी समान दवाओं की तुलना में 54 प्रतिशत अधिक हैं। इनमें स्थायी विकलांगता और मौत जैसे गंभीर परिणाम शामिल हैं। सीनेटर स्कॉट ने कहा कि चीन कभी भी दवाओं की आपूर्ति रोक सकता है, जिससे बुजुर्ग, सेना के जवान और आम



नागरिक प्रभावित होंगे। अमेरिकी एफडीए घरेलू फैक्ट्रियों की तुलना में विदेशों में कड़े निरीक्षण नहीं कर पाता और कई बार नियमों के उल्लंघन को छूट भी दे देता है। सीनेटर रिक स्कॉट और सीनेटर किर्स्टन गिलिब्रैंड ने ड्रग सप्लाई चेन की कमजोरियों को उजागर करने के लिए जांच और सुनवाई शुरू की हैं। उनका उद्देश्य अमेरिकी परिवारों को यह जानने का अधिकार देना है कि उनकी दवाओं में कौन-कौन से इंग्रीडिएंट्स इस्तेमाल हो रहे हैं।

# लोधा डेवलपर्स पर ब्रोकरेज का भरोसा, 77 फीसदी तक रिटर्न की उम्मीद

**– आने वाले वर्षों में कंपनी की बिक्री और मुनाफे में बढ़ोतरी की संभावना**

**नई दिल्ली ।**

रियल एस्टेट कंपनी लोधा डेवलपर्स को लेकर देश की दो बड़ी ब्रोकरेज कंपनियों मोतीलाल ओसवाल और नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने सकारात्मक रुख अपनाया है। ब्रोकरेज फर्मों का मानना है कि आने वाले वर्षों में कंपनी की बिक्री और मुनाफे में मजबूत बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। फिलहाल कंपनी का शेयर बाजार में करीब 1,060-1,080 रुपए के दायरे में कारोबार कर रहा है, लेकिन ब्रोकरेज का कहना है कि इसमें आगे अच्छी तेजी की संभावना बनी हुई है। मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट के अनुसार, लोधा डेवलपर्स आने वाले समय में ज्यादा घरों की बिक्री करने की स्थिति में है। कंपनी का कैश फ्लो मजबूत है और ग्राहकों से समय पर भुगतान मिल रहा है। इसके साथ ही कंपनी का कर्ज स्तर भी नियंत्रण में है, जिससे उसकी वित्तीय स्थिति सुरक्षित बनी हुई है। लोधा अब केवल मुंबई क्षेत्र तक सीमित नहीं रहना चाहती। कंपनी पुणे, बैंगलुरु और एनसीआर जैसे बड़े रियल एस्टेट बाजारों में अपने कारोबार का विस्तार कर रही है। पुणे में लोधा की बिक्री तेजी से बढ़ रही है और इस वित्त वर्ष में वहां अच्छा प्रदर्शन रहने की उम्मीद है। बैंगलरु में शुरुआती



तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और अब नए प्रोजेक्ट्स लॉन्च करने की योजना है।

वहीं एनसीआर में भी कंपनी छोटे स्तर पर एंट्री कर भविष्य के अवसर तलाश रही है।

# नई देसी कैब सेवा जनवरी से दिल्ली में होगी शुरू




**- 30 रुपए में 4 किमी सफर, ओला-उबर की बढ़ी टेंशन!**

**नई दिल्ली ।**

नई देसी कैब सेवा भारत टैक्सी जल्द ही दिल्ली में शुरू होने जा रही है। फिलहाल इसका ट्रायल दिल्ली और गुजरात के सौराष्ट्र इलाके में चल रहा है। यह सेवा जनवरी में औपचारिक रूप से लॉन्च की जाएगी। भारत टैक्सी का संचालन सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड कर रही है। यह पूरी तरह ड्राइवर-स्वामित्व वाला मॉडल है, यानी ड्राइवर ही कंपनी के मालिक हैं। कंपनी का दावा है कि यह दुनिया की सबसे बड़ी ड्राइवर-मालिकाना टैक्सी सेवा है। अब तक 1 लाख से अधिक ड्राइवर प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं, जिनमें कार, ऑटो-रिक्शा और बाइक टैक्सी चालक शामिल हैं। शुरुआत में ड्राइवर को 100 फीसदी किराया मिलेगा। भविष्य में 20 फीसदी शुल्क लागू हो सकता है, लेकिन यह राशि ड्राइवरों को इंसेंटिव के रूप में वापस दी जाएगी। इस मॉडल का उद्देश्य ड्राइवरों को अधिक लाभ और पारदर्शिता देना है।

भारत टैक्सी का किराया अन्य कैब सेवाओं से सस्ता रखा गया है-

* 0-4 किमी- 30 रुपये
* 4-12 किमी- प्रति किमी 23 रुपये
* 12+ किमी- प्रति किमी 18 रुपये

सवारी के विकल्पों में एसी, बिना एसी, बड़ी गाड़ी और प्रीमियम टैक्सी शामिल हैं। बुकिंग के दो मिनट में टैक्सी उपलब्ध होगी। भारत टैक्सी ऐप एंड्रायड और आईओएस दोनों पर उपलब्ध है और अब तक 75,000 से अधिक डाउनलोड हो चुके हैं। ऐप में रियल-टाइम गाड़ी ट्रैकिंग, 24 घंटे ग्राहक सहायता, कई भाषाओं में सपोर्ट और सुरक्षा जांच जैसी सुविधाएँ हैं। कंपनी ओला और उबर जैसी सेवाओं को चुनौती दे रही है।

ड्राइवर एक साथ तीनों प्लेटफॉर्म पर काम कर सकते हैं। एयरपोर्ट और अन्य प्रमुख स्थानों पर अलग स्टैंड की योजना है।

# सीएएफई-3 मानकों पर छोटी कारों को राहत का प्रस्ताव, विवाद पहुंचा पीएमओ तक

**- वजन आधारित छूट पर ऑटो उद्योग में गहराया मतभेद**

**नई दिल्ली ।**

आगामी कॉरपोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी (सीएएफई-3) उत्सर्जन मानकों के तहत छोटी कारों को राहत देने के प्रस्ताव को लेकर ऑटोमोबाइल उद्योग में लंबे समय से चला आ रहा विवाद अब प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) तक पहुंच गया है। जानकारी के अनुसार जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) ने इस मुद्दे पर पीएमओ को अलग-अलग पत्र लिखकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराई हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में भेजे गए पत्रों में दोनों कंपनियों ने कहा कि पेट्रोल से चलने वाली छोटी कारों के लिए वजन के आधार पर नई उप-श्रेणी बनाकर छूट देना देश के इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य को कमजोर करेगा। कंपनियों का तर्क है कि इससे सड़क सुरक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है और उन वाहन निर्माताओं के साथ अन्याय होगा जिन्होंने लंबे समय से मौजूदा परिभाषा के अनुरूप निवेश किया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि प्रस्तावित बदलाव



से व्यवहारिक रूप से केवल एक ही कार निर्माता को लाभ मिलेगा। फिलहाल नीति के अनुसार, छोटी कारें वे मानी जाती हैं जिनकी लंबाई चार मीटर से कम और पेट्रोल इंजन क्षमता 1,200 सीसी से कम होती है। इसी परिभाषा के आधार पर उद्योग ने अब तक अपने उत्पाद और निवेश योजनाएं तैयार की हैं। सीएएफई फ्रेमवर्क के तहत वाहन निर्माताओं के पूरे फ्लीट के लिए कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की सीमा (ग्राम प्रति किलोमीटर) तय की जाती है। नियमों के उल्लंघन पर ऊर्जा दक्षता ब्यूरो जुर्माना लगा सकता है। मारुति सुजुकी ने अलग से वजन आधारित राहत की मांग की। इसके चलते मतभेद गहराए और सितंबर 2025 में जारी संशोधित ड्राफ्ट में पहली बार 909 किलोग्राम से कम वजन वाली पेट्रोल कारों के लिए 3 ग्राम/किमी अतिरिक्त छूट का प्रस्ताव शामिल किया गया, जिसने विवाद को और तेज कर दिया।

# 2026 में नई हुंडई वरना ज्यादा मॉडर्न लुक के साथ हो सकती है लॉन्च

**नई दिल्ली ।**

नई हुंडई वरना को कंपनी और ज्यादा आकर्षक बनाने की तैयारी में है। कंपनी द्वारा नए साल 2026 में वरना का फेसलिफ्ट वर्जन लॉन्च किया जा सकता है। हाल ही में विदेश में इसका टेस्ट म्यूल देखा गया है, जिससे इसके संभावित बदलावों को लेकर संकेत मिले हैं।

टेस्टिंग के दौरान कार पूरी तरह कैमोफ्लाज में थी, लेकिन फ्रंट और रियर हिस्से को खासतौर पर ढका गया था। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि इन्हीं हिस्सों में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। नई वरना में री-डिजाइन्ड ग्रिल, नया बंपर और ज्यादा शार्प फ्रंट प्रोफाइल मिलने की उम्मीद है, जिससे कार को प्रीमियम और स्पोर्टी लुक मिलेगा। कार का ओवरऑल सिलुएट मौजूदा मॉडल जैसा ही रखा जाएगा, ताकि इसकी पहचान बनी रहे।




हालांकि, नए अलॉय व्हील्स और पीछे की तरफ अपडेटेड बंपर व टेललैंप डिजाइन से लुक में फ्रेशनेस जोड़ी जा सकती है। केबिन में बड़े बदलाव की बजाय फीचर्स और फिनिश पर फोकस किया जा सकता है। डुअल-स्क्रीन डैशबोर्ड सेटअप जारी रहने की संभावना है, लेकिन नए कम्फर्ट और सेफ्टी फीचर्स जोड़े जा सकते हैं। पावरट्रेन के मामले में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है और मौजूदा इंजन ऑप्शन्स ही जारी रह सकते हैं।

## रुपया तेजी के साथ बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया गुरुवार को 10 पैसे की तेजी के साथ ही 90.27 पर बंद हुआ। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.35 पर खुला। कारोबार के दौरान इसमें हल्की मजबूती देखी गई और यह 90.32 प्रति डॉलर तक पहुंच गया। हालांकि शुरुआती सत्र में रुपये में कमजोरी भी दर्ज की गई और यह 90.38 के स्तर तक फिसल गया। बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.38 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 फीसदी की बढ़त के साथ 98.41 पर रहा, जिससे उभरती मुद्राओं पर दबाव बना रहा।






## एक्मे सोलर ने 4,725 करोड़ का वित्तपोषण किया हासिल

**वित्तपोषण से कंपनी को नई परियोजनाओं का विस्तार करने में मदद मिलेगी**

**नई दिल्ली ।** नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक कंपनी एक्मे सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड ने अपनी अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए प्रमुख भारतीय वित्तीय संस्थानों से कुल 4,725 करोड़ रुपये का ऋण हासिल किया। इस वित्तपोषण का लक्ष्य परियोजनाओं की पूंजी संरचना को अनुकूलित करना और वित्तपोषण लागत को कम करना है। नई परियोजनाओं के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 2,716 करोड़ रुपये और नेशनल बैंक फॉर फाइनेंसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट ने 800 करोड़ रुपये प्रदान किए। मौजूदा 300 मेगावाट एक्मे सीकर सोलर परियोजना के लिए यस बैंक ने 1,209 करोड़ रुपये का पुनर्वित्तपोषण किया। इससे ऋण लागत में प्रारंभिक 1.70 प्रतिशत और अंततः 1.95 प्रतिशत की कमी संभव हुई। यह यस बैंक द्वारा एक्मे सोलर के लिए पहला दीर्घकालिक पुनर्वित्तपोषण है। इस वित्तपोषण से कंपनी को नई परियोजनाओं का विस्तार करने और पूंजी संरचना मजबूत करने में मदद मिलेगी, साथ ही वित्तीय लागत कम होगी, जो एक्मे सोलर के लिए दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करेगा।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर जनवरी से वाहनों की कीमत बढ़ाएगी

**नई दिल्ली ।** कच्चे माल की लागत और व्यापक आर्थिक कारणों के चलते कंपनी ने जनवरी 2026 से अपने वाहनों की कीमतों में 2 फीसदी तक बढ़ोतरी की घोषणा की। बढ़ोतरी सभी मॉडलों और संस्करणों पर समान नहीं होगी; प्रत्येक वाहन के लिए अलग रेट तय होगा। मर्सिडीज-बेंज इंडिया और बीएमडब्ल्यू ने भी जनवरी से कीमतें बढ़ाने की घोषणा की है।

## पेटीएम को आरबीआई से ऑफलाइन पेमेंट एग्रीगेटर का लाइसेंस मिला

**- ऑनलाइन भुगतान की पहले मिल चुकी थी अनुमति**

**नई दिल्ली ।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से ऑफलाइन भुगतान और सीमा-पार लेनदेन के लिए पेमेंट एग्रीगेटर के रूप में संचालन की अनुमति प्राप्त हुई है। इससे पहले, 26 नवंबर 2025 को पीपीएलएल को ऑनलाइन भुगतान एग्रीगेटर के तौर पर काम करने की मंजूरी दी गई थी। आरबीआई की अनुमति के बाद अब पेटीएम ऑनलाइन, ऑफलाइन और सीमा-पार सभी प्रकार के भुगतान लेनदेन संभाल सकता है। यह अनुमति भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के तहत दी गई है। इस नए लाइसेंस से पेटीएम को अपने डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म के जरिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय लेनदेन को आसान और तेज़ बनाने में मदद मिलेगी। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे कंपनी का कारोबार क्षेत्र और ग्राहकों तक पहुँच दोनों बढ़ेंगे।




# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर सकंतों के साथ ही बिकवाली के दबाव के कारण आई। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 84,481.81 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई 25,815.55 पर बंद हुआ। आज दिन भर बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहा, जिससे निवेशक सतर्क दिखे और आई शेयरों में कुछ खरीदारी हुई। इससे भी बाजार पर दबाव पड़ा। इससे पहले आज सुबह

एशियाई बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ खुले। वैश्विक बाजारों में जारी दबाव का असर घरेलू शेयर बाजारों पर देखने को मिला। कारोबार की शुरुआत से ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में कमजोरी बनी रही, जिससे निवेशकों की धारणा सतर्क नजर आई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स मामूली गिरावट के साथ 84,518 अंक पर खुला। हालांकि, खुलते ही इसमें बिकवाली बढ़ गई। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 160.74 अंक की गिरावट के साथ 84,398.91 अंक पर कारोबार कर रहा था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी कमजोरी के साथ 25,764 अंक पर खुला। सुबह की शुरुआत के बाद 53.85 अंक गिरकर 25,789 अंक पर ट्रेड करता दिखा। बाजार के जानकारों ने कहा` कि अमेरिकी बाजारों में आई तेज गिरावट के बाद एशियाई बाजारों में कमजोरी देखने को मिली, जिसका असर घरेलू शेयर बाजारों पर पड़ा। उन्होंने बताया कि तकनीकी रूप से निफ्टी का निकट-कालिक रुझान कमजोर बना हुआ है और यह अपने ऑल टाइम हाई स्तर 26,326 से नीचे ही घूम रहा है। हर छोटी तेजी पर बिकवाली हावी हो रही है, जिससे बाजार में बियर्स की पकड़ बनी हुई है। उनके अनुसार निफ्टी के लिए 25,693 का स्तर अहम सपोर्ट है। यदि निफ्टी इस स्तर के नीचे फिसलता है तो गिरावट और तेज हो सकती है। हालांकि, उन्होंने यह भी बताया कि पिछली ट्रेडिंग में एफआईआई ने नेट खरीदारी की थी और आरबीआई के समर्थन से रुपये में मजबूती आई है। इसके बावजूद मौजूदा हालात को देखते हुए निवेशकों को फिलहाल सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

ऐ शियाई बाजार में` गिरावट- वैश्विक बाजारों में एशियाई शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ कारोबार करते दिखे। इसकी वजह यह रही कि वॉल स्ट्रीट के निवेशक लगातार टेक्नोलॉजी शेयरों से दूरी बना रहे हैं और उनका ध्यान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड




ट्रंप के आगामी संबोधन पर टिका हुआ है। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 1.53 फीसदी गिरा, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.36 फीसदी नीचे आया, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी, एएसएक्स 200 0.3 फीसदी की हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ।

अमे रिकी बाजार कमजोरी के साथ बंद- अमेरिका में भी वॉल स्ट्रीट के प्रमुख इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। एसएंडपी 500 में 1.16 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जबकि नैस्डैक कंपोजि़ट सबसे ज्यादा टूटा और इसमें 1.81 फीसदी की गिरावट आई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े कारोबार को लेकर बनी चिंताओं के चलते टेक्नोलॉजी शेयरों पर दबाव बना रहा। वहीं, डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज भी 0.47 फीसदी फिसल गया।

## सीएनजी-पीएनजी की कीमत में राहत, 2026 से नई टैरिफ नीति लागू




**- उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 2-3 रुपए की बचत होगी**

**नई दिल्ली ।** देशभर में सीएनजी और घरेलू पीएनजी उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत है। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने नई टैरिफ रैशनलाइजेशन नीति लागू करने का ऐलान किया है, जो 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। इससे उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 2-3 रुपये की बचत होगी। पीएनजीआरबी के एक सदस्य के अनुसार यह बदलाव ट्रांसपोर्ट और घरेलू उपयोग दोनों में लाभ पहुंचाएगा। पुरानी प्रणाली में दूरी के आधार पर तीन जोन थे- 200 किलोमीटर तक 42 रुपये, 300-1,200 किलोमीटर 80 रुपये और 1,200 किलोमीटर से अधिक 107 रुपये। नई प्रणाली में इसे घटाकर दो जोन किया गया है। जोन-1 के लिए अब 54 रुपये प्रति यूनिट तय किए गए हैं, जिससे शहरों के उपभोक्ताओं को सबसे अधिक लाभ होगा नई टैरिफ नीति 312 क्षेत्रों और 40 सीजीडी कंपनियों पर लागू होगी। ट्रांसपोर्ट सेक्टर में सीएनजी और घरों में पीएनजी इस्तेमाल करने वाले परिवार सीधे लाभान्वित होंगे। पीएनजीआरबी निगरानी सुनिश्चित करेगा कि कम दर का लाभ आम उपभोक्ताओं तक पहुंचे। यह पहल प्राकृतिक गैस के व्यापक और सब्सिडाइज्ड उपयोग को बढ़ावा देगी।

# भारत का होम लोन बाजार.....2035 तक 150 लाख करोड़ तक पहुंच सकता

**मुंबई।**

भारत के होम लोन मार्केट में तेजी से बदलाव दिख रहा है। अगले एक दशक यानी 2035 तक होम लोन का वितरण 150 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है। इसकी जानकारी गुरुवार को जारी रिपोर्ट में दी गई।


एक रिपोर्ट के अनुसार, जनसांख्यिकी, शहरीकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश और नीतिगत समर्थन जैसे शक्तिशाली कारक मिलकर भारत के वित्तीय सेवा परिदृश्य में सबसे स्थायी संरचनात्मक ऋण मौकों में से एक की नींव रख रहे हैं। रिपोर्ट में इस बात का ज़िक किया गया हैं कि भारतीय बाजारों में चीजों को गिरवी रखकर लोन लेने की पहुंच मात्र जीडीपी के 11 प्रतिशत पर है, जो कि ग्लोबल बेंचमार्क से काफी कम हैं। इसके बाद भी भारत के लोन बाजारों में काफी सारे मौके मौजूद हैं।

एक अनुमान के मुताबिक, 2035 तक देश की शहरी आबादी 65 करोड़ से अधिक होगी और शहरीकरण की दर 43 प्रतिशत तक बढ़ेगी। इसकी वजह राजमार्गों, मेट्रो रेल नेटवर्क, लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर और तेजी से उभरते सैटेलाइट टाउनशिप में निवेश होना है। इसके अलावा, सरकारी पहलें अफोर्डेबिलिटी को मजबूत कर रही हैं और सप्लाई बनाने में मदद कर रही हैं, जिसमें पीएमएवाई 2.0 का मकसद 30 मिलियन अतिरिक्त घरों के लिए फाइनेंसिंग को सपोर्ट करना है, एसडब्ल्यूएएमआईएच-2 का लक्ष्य 100,000 अटकी हुई मिड-इनकम हाउसिंग यूनिट्स को पूरा करना है, और 1 लाख करोड़ रुपए का



अर्बन चैलेंज फंड भारतीय शहरों को भविष्य के ग्रोथ हब में बदलने के लिए डिजाइन किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है, रेरा को लगातार लागू करने से रियल एस्टेट इकोसिस्टम में पारदर्शिता और खरीदारों का भरोसा भी बढ़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मजबूत बैलेंस शीट, बढ़ती अफोर्डेबिलिटी और कई सालों तक डिमांड दिखने की वजह से हाउसिंग फाइनेंस इंडस्ट्री भारत की आर्थिक ग्रोथ के अगले दौर का एक अहम हिस्सा बनने के लिए तैयार है।

## गूगल पे और ए क्सिस बैंक ने पेश किया यूपीआई संचालित क्रेडिट कार्ड




**नई दिल्ली ।** गूगल पे और ऐ क्सिस बैंक ने मिलकर गूगल पे फ्लेक्स ऐ क्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। यह कार्ड विशेष रूप से उन उपयोगकर्ताओं के लिए है, जो यूपीआई भुगतान की सरलता के साथ क्रेडिट कार्ड की सुविधा एक ही मंच पर चाहते हैं। यह कार्ड पूरी तरह गूगल पे अनुप्रयोग में एकीकृत है, जिससे उपयोगकर्ताओं को भौतिक कार्ड रखने की आवश्यकता नहीं होगी। उपयोगकर्ता किसी भी दुकान पर लगे यूपीआई क्यूआर कोड को स्कैन करके क्रेडिट पर भुगतान कर सकते हैं। रूपे नेटवर्क पर आधारित होने के कारण यह कार्ड ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह स्वीकार किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य डिजिटल भुगतान को और आसान बनाना और उपयोगकर्ताओं को क्रेडिट कार्ड का अनुभव सरलता से प्रदान करना है।

# द ग्रेट शम्सुद्दीन फैमिली की शूटिंग का अनुभव पुरानी जिंदगी में लौटने जैसा



अभिनेत्री कृतिका कामरा हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द ग्रेट शम्सुद्दीन फैमिली को लेकर चर्चाओं में हैं। इसमें कृतिका ने बानी अहमद नाम की लड़की का किरदार निभाया है, जो अमेरिका में अपनी ड्रीम जॉब के लिए कड़ी मेहनत करती है, लेकिन परिवार के प्रति जिम्मेदारी उसे इस सपने को पूरा करने से रोकती है। इस फिल्म की शूटिंग दिल्ली में हुई। शूटिंग को लेकर कृतिका कामरा ने अपना अनुभव साझा किया।

इंटरव्यू में कृतिका ने कहा, शूटिंग के दौरान हर लोकेशन से मेरी कोई न कोई याद जुड़ी हुई थी। जब मैं गलियां देखती, तो मुझे अपने स्कूल के रास्ते याद आ जाते थे। जब सड़क किनारे ठेले दिखाई देते थे, तो कॉलेज के दिनों में दोस्तों के साथ खाया गया स्ट्रीट फूड याद आ जाता था। मेरे लिए फिल्म की शूटिंग एक काम की तरह नहीं थी, बल्कि अपनी पुरानी जिंदगी में फिर से लौटने जैसा अनुभव था।

उन्होंने कहा, किरदार निभाते समय मुझे कोई बनावटीपन नहीं लाना पड़ा, क्योंकि फिल्म की कहानी बहुत हद तक मेरी जिंदगी के कुछ हिस्सों जैसी है। कृतिका ने कहा, दिल्ली में शूटिंग का अनुभव मेरे लिए भावनात्मक रूप से भी बेहद खास रहा। शहर की ऊर्जा, लोगों का अपनापन और यहां के खाने की खुशबू ने मुझे रिफ्रेश रखा। सेट पर हर दिन की शुरुआत मुस्कुराहट के साथ होती थी। फिल्म की टीम भी ज्यादातर महिलाएं थीं, ऐसे में पूरा माहौल गर्मजोशी से भर जाता था। निर्देशक अनुषा रिजवी फिल्म में वास्तविकता और संवेदनशीलता लेकर आईं, जैसे ये घटना कहीं यहीं आसपास घट रही हो। फिल्म में कृतिका कामरा के साथ पूरब कोहली, श्रेया धनवंतरी, जूही बब्बर, शीबा चड्ढा और डॉली अहलूवालिया अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म एक दिन की कहानी है। इसमें दिल्ली के एक मुस्लिम परिवार को दिखाया गया है, जिसमें बानी (कृतिका कामरा) तलाकशुदा है। वह पेशे से राइटर है और अमेरिका में नौकरी करना चाहती है। इसके लिए उसे अपना प्रेजेंटेशन 12 घंटे के अंदर देना होता है, लेकिन उसी दिन उसके घर में परिवार के लोग एक के बाद एक आने लगते हैं। ऐसे में एक तरफ 12 घंटे की डेडलाइन है, तो दूसरी तरफ परिवार के सदस्यों का शोर है। इस दौरान रिश्ते में टकराहट, हल्के-फुल्के ड्रामे और भावनात्मक सीन देखने को मिलते हैं। द ग्रेट शम्सुद्दीन फैमिली जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।






## दिलजीत दोसांझ ने शुरू की अपनी नई फिल्म की शूटिंग

**दिलजीत दोसांझ ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक मिनी व्लॉग फैंस के साथ शेयर किया। इन दिनों वह पंजाब में मौजूद हैं। पंजाब में वह इम्तियाज अली के साथ अपकमिंग फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। व्लॉग में शूटिंग के अलावा वह अपना दिन भर का रूटीन भी फैंस के साथ शेयर कर रहे हैं। फैंस को भी उनका मिनी व्लॉग काफी पसंद आया है।**

### 4 बजे उठकर दिलजीत ने की एक्सरसाइज

मिनी व्लॉग में दिलजीत फनी अंदाज में अपने डेली रूटीन को फैंस के साथ शेयर करते हैं। वह चार बजे उठकर सबसे पहले एक्सरसाइज करते हैं। फिर हेल्दी नाश्ता करते हैं। इसके बाद इम्तियाज अली की फिल्म की शूटिंग के सेट पर पहुंच जाते हैं। वह व्लॉग में इम्तियाज का शुक्रिया अदा करते हैं। इम्तियाज ने 'अमर सिंह चमकीला' के बाद यह दूसरा प्रोजेक्ट दिलजीत के साथ किया है।


मिनी व्लॉग में दिलजीत का मजाकिया अंदाज भी दिखाया। उनकी मस्ती भरी कमेंट्री को फैंस ने पसंद किया। साथ ही फिल्म के शूटिंग सेट पर भी कई फैंस उनसे मिलने आए। पंजाब में शूटिंग करके दिलजीत काफी खुश नजर आए।

### अगले साल 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे दिलजीत

अगले साल फिल्म 'बॉर्डर 2' में दिलजीत दोसांझ नजर आएंगे। यह फिल्म गणतंत्र दिवस से पहले यानी 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ के अलावा सनी देओल और वरुण धवन भी नजर आएंगे। दिलजीत दोसांझ फिल्म 'बॉर्डर 2' में निर्मल जीत सिंह सेखों का किरदार निभा रहे हैं, वह इंडियन एयरफोर्स के अधिकारी थे। 1971 के युद्ध में अपने शौर्य के लिए याद किए जाते हैं। उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

## मनीष पॉल ने पूरी की वन-फ़ोर्स ऑफ़ द फॉरेस्ट की शूटिंग

अपनी दमदार स्क्रीन प्रेज़ेंस, बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग और सहजता से ह्यूमर व इमोशन के बीच स्विच करने की कला माहिर मनीष पॉल ने अपनी सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी बहुप्रतीक्षित लोक-पौराणिक थ्रिलर फिल्म वन - फ़ोर्स ऑफ़ द फॉरेस्ट' में निभा रहे अपने किरदार की एक तस्वीर के साथ इस वर्ष का शूटिंग शेड्यूल खत्म होने की खबर, अपने फैंस को दी है। अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए मनीष पॉल ने लिखा है, यह वन के लिए 2025 का शेड्यूल पूरा हो चुका है। अब अगले शेड्यूल के लिए जनवरी 2026 में फिर से आने का बेसब्री से इंतजार है! भारतीय लोककथाओं और जंगल की कहानियों से प्रेरित फिल्म वन - फ़ोर्स ऑफ़ द फॉरेस्ट', बालाजी टेलीफिल्म्स और टीवीएफ मोशन पिक्चर्स की प्रस्तुति के साथ एक महत्वाकांक्षी लोक-पौराणिक थ्रिलर है, जो घने जंगल की पृष्ठभूमि पर बनी रहस्यों और सच्चाई से गुंथी हुई है। अरुणाभ कुमार और दीपक मिश्रा द्वारा निर्देशित फ़िल्म वन - फ़ोर्स ऑफ़ द फॉरेस्ट' में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया के साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहे मनीष पॉल फ़िल्म में एक अहम भूमिका निभा रहे हैं, जिससे फ़िल्म की स्टार कास्ट और भी मज़बूत हो गई है। गौरतलब है कि 'वन' के अलावा, मनीष पॉल, डेविड धवन निर्देशित 'है जवानी तो इश्क होना है', में भी नज़र आने वाले हैं। ऐसे में यह कहें तो गलत नहीं होगा कि इस फिल्म के साथ मनीष अपने करियर के एक दलेर, डायनैमिक और करियर-डिफाइनिंग नए अध्याय में कदम रख रहे हैं।



## 'धुरंधर' की सफलता पर रणवीर सिंह ने पहली बार दी प्रतिक्रिया



रणवीर सिंह स्टारर 'धुरंधर' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई कर रही है। 10 दिनों में ही फिल्म 350 करोड़ से भी अधिक की कमाई कर चुकी है। इस सफलता से फिल्म की कास्ट काफी खुश है। अब अभिनेता रणवीर सिंह ने भी फिल्म की सफलता पर पहली बार प्रतिक्रिया दी है। अभिनेता रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पर सोमवार को एक स्टोरी साझा की है। इस स्टोरी में उन्होंने 'धुरंधर' को मिल रही शानदार प्रतिक्रिया पर अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने अपनी स्टोरी में फिल्म से जुड़ा एक डायलॉग ही साझा किया है, जो मौजूदा वक्त में रणवीर की परिस्थिति से भी मिलती है। रणवीर ने अपनी स्टोरी पर लिखा, 'किस्मत की एक बहुत खूबसूरत आदत है कि वो वक्त आने पर बदलती है। लेकिन फिलहाल नजर और सब्र...।' 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। मेकर्स के मुताबिक, फिल्म ने दस दिनों में ही 364.60 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म न सिर्फ भारत में बल्कि वर्ल्डवाइड कलेक्शन में भी लगातार रिकॉर्डतोड़ कमाई कर रही है। मेकर्स की मानें तो 'धुरंधर' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 10 दिनों में 552.70 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। फिल्म ने अपने दूसरे रविवार को रिकॉर्ड 58.20 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।

'धुरंधर' का निर्देशन आदित्य धर ने किया है। फिल्म देश में घटी सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। फिल्म में कंधार हाईजैक, संसद हमला और 26/11 आतंकी हमले जैसी देश में घटित घटनाओं को दिखाया गया है।



## तान्या मित्तल को मिला उनका पहला एक्टिंग प्रोजेक्ट

बिग बॉस 19 की फाइनलिस्ट तान्या मित्तल बिग बॉस के खत्म होने के बाद भी चर्चाओं में हैं। अब तान्या को उनका पहला एक्टिंग प्रोजेक्ट भी मिल गया है और इसकी झलक भी देखने को मिल गई है।

हालांकि, तान्या की एक्टिंग को देखकर नेटिजेंस ने उन्हें ट्रोल करते हुए ओवर एक्टिंग की दुकान करार दिया। दरअसल, बिग बॉस 19 के पूरा होने के बाद अब तान्या को एक ब्रांड का एड मिला है। जो उनकी एक्टिंग का पहला प्रोजेक्ट है। इस एड का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें तान्या को एक्टिंग करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो सामने आने के बाद फैंस के रिएक्शन भी तान्या के इस वीडियो पर आने लगे हैं। तान्या के विज्ञापन को देखने के बाद कई नेटिजेंस ने तान्या की एक्टिंग पर सवाल उठा दिए। तो वहीं कई यूजर्स ने कमेंट करके तान्या को ओवर एक्टिंग की दुकान बता दिया। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'पहला और आखिरी शूट। ओवर एक्टिंग की दुकान'। जबकि एक अन्य ने लिखा, 'तान्या का पीआर कमेंट सेक्शन में जोर-शोर से तारीफें करने में लगा है।' एक ने लिखा कि इससे अच्छी एक्टिंग तान्या बिग बॉस में कर रही थीं। जबकि एक ने लिखा कि एक्टिंग तो ढंग से कर ले बहन। इसके अलावा भी कई यूजर्स ने तान्या की एक्टिंग पर सवाल उठाए हैं।



## सिंगल पैरेंटिंग एक बड़ी चुनौती रही लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी

**महिमा चौधरी ने फिल्मी पर्दे पर किंग खान शाहरुख की फिल्म से एक्टिंग डेब्यू किया। इंडस्ट्री में उनकी शुरुआत की राह भले ही आसान रही हो। लेकिन असली जिंदगी में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। ब्रेस्ट कैंसर की लड़ाई लड़ चुकी महिमा एक भयानक कार हादसे का शिकार भी रहीं। पति से अलगाव के बाद अपनी बेटी अरियाना की सिंगल पैरेंटिंग एक बड़ी चुनौती रही। लेकिन महिमा ने कभी हार नहीं मानी। इन दिनों वह अपनी नई फिल्म दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी के कारण चर्चा में हैं। फिल्म में उनके साथ संजय मिश्रा हैं। खास बातचीत में महिमा चौधरी ने फिल्म के अलावा उन भावनात्मक मुद्दों पर भी बात, जिस पर बोलने से सेलेब्स अक्सर बचते हैं।**

**आप जब अपनी शादी से अलग हुई होंगी, तब आपके लिए वो फैसला कितना मुश्किल था?**

बहुत मुश्किल था। मैंने अपने माता-पिता की लंबी शादी देखी थी और उसमें इतना प्रेम था, तो मैं तलाक के बारे में सोचती ही नहीं थी। मैं जब भी किसी के डिवोर्स के बारे में सुनती थी, तो मुझे लगता शायद किसी एक ने इस शादी को बचाने की उतनी कोशिश नहीं की होगी। मैं इनकी जगह होती तो बहुत ट्राई करती। मगर जब मुझ पर बीती तो अहसास हुआ कि जो चीज नहीं चलनी है, कितनी भी कोशिश कर लो, नहीं चलती और अगर कोई चीज चल नहीं रही, तो उसमें सही समय पर फैसला लेकर निकल जाना ही समझदारी होती है। ये आपके लिए भावनात्मक, आर्थिक और मानसिक रूप से सही रहता है।

मेरे डिवोर्स के समय भी मेरे कई जानने वाले मेरे जैसे हाल से ही गुजर रहे थे और उस वक्त उन्होंने अलग होने का कदम नहीं उठाया। वो फैसला उन्होंने आज लिया। अब वे कहते हैं कि तुम कितनी स्ट्रॉन्ग थी, जो तुम उस वक्त ये फैसला कर पाई। मैं कहती हूं कि मैं मजबूत नहीं थी, मगर हां, मेरे पास एक सपोर्टिव फैमिली थी। मेरी मां ने मुझे सपोर्ट किया। मेरी नानी ने मुझे हिम्मत दी। वे बोलीं कि ठीक है, बच्चे हम पाल लेंगे।

**कभी दोबारा शादी करने के बारे में सोचा आपने?**

अभी तक मेरा तलाक नहीं हुआ है। मेरा डिवोर्स पेंडिंग है। मगर दोबारा शादी करने के बारे में बिलकुल सोचती हूं मैं, और अब तो और ज्यादा सोच रही हूं, जबसे मेरी इस फिल्म की शादी वाला फोटो वायरल हुआ है। लोग मेरी दूसरी शादी की उम्मीद कर रहे हैं (हंसती हैं), मैं उन लोगों में से हूं, जो एक बार में हार नहीं मानते। मैं विवाह संस्था में यकीन करती हूं। मेरा मानना है कि दो लोग मिलकर जिंदगी को खुशनुमा बना सकते हैं। यह सपोर्ट सिस्टम जरूरी होता है, होना चाहिए।

**तो शादी को लेकर कोई कड़वाहट नहीं आई?**

नहीं, मेरी नजर में शादी बेहद जरूरी है। जिंदगी और बच्चों की परवरिश अकेले करना आसान नहीं होता, चाहे बात महिला सिंगल पैरेंट की हो या पुरुष की। शादी दो लोगों की साझेदारी है, कंपेनियनशिप है और जब दोनों का बैकग्राउंड या जीवन की चाहतें मिलती-जुलती हों, तो रिश्ते को निभाना आसान हो जाता है। जरूरी नहीं कि दोनों एक जैसी पृष्ठभूमि से आएं, लेकिन दोनों की सोच और लाइफ गोल्स एक दिशा में होने चाहिए।

**सिंगल पैरेंट के रूप में आपकी चुनौतियां क्या रहीं?**

चुनौतियां तो होती हैं, मगर मेरी बेटी अरियाना अपने ग्रैंड पैरेंट्स के साथ पली-बढ़ी है, तो उसकी इतनी डिमांड्स नहीं होती। बचपन से उसको ऐसा लगता था कि मेरे पास पैसे नहीं हैं। असल में मैं ही उसे समझाया करती थी कि बेटा हम ये नहीं कर सकते, हमारे पास पैसे नहीं है। मुझे याद है, मेरी बेटी काफी छोटी थी। मैं और मेरे फ्रेंड्स एक स्टेशनरी की दुकान पर थे और बातों में मशगूल थे। मेरी बेटी ने उस शॉप पर कुछ चीजें सिलेक्ट कीं, मगर कुछ समय बाद उसने उन चीजों में से दो चीज निकाल दी। अब वो बची हुई चीजों के दाम पूछने लगी। आखिरकार उसने बचे-खुचे सामान में से भी मंहगा सामान हटा दिया। उसके पास सिर्फ दो आइटम बचे। मैंने उससे पूछा कि बाकी का सामान कहां है? वो बोली कि नहीं ठीक है मम्मा, ये काफी है। मैंने उससे कहा कि ले लो बाकी की चीजें भी, तो वो मुझे कोने में ले जाकर, धीरे से फुसफुसाकर बोली, नहीं मम्मा, हमारा पैसा खत्म हो जाएगा। इतना मत खरीदो। तो कहने का मतलब ये है कि वो बचपन से ही ऐसी है, समझदार और संवेदनशील। उसने मुझे कभी किसी मुश्किल सिचुएशन में नहीं पड़ने दिया।

### दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी जैसी फिल्म से जुड़ने का खास कारण?

सबसे पहले तो मुझे इसका शीर्षक ही कमाल का लगा। इसका कॉन्सेप्ट मुझे काफी प्यारा लगा। फिर मुझे बताया गया कि ये दुर्लभ प्रसाद हैं, संजय मिश्रा जी, जो ये रोल निभाने जा रहे हैं। मैंने कभी सोचा नहीं था कि मैं इनके साथ ऐसा कोई किरदार निभाऊंगी। मैं काफी एक्साइटेड हो गई थी। लोगों के लिए भी ये पेयरिंग अनयूजवल है। लोगों के लिए ये दिलचस्प तो हैं, मगर साथ ही वे इसे स्वीकार करने के लिए भी तैयार हैं।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in